वर्ष -09, अंक -305, पृष्ठ- 8 मूल्य : दो रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

आधुनिक समाचार Adhunik Samachar

प्रयागराज , सोमवार, 19फरवरी, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Download From Google Play Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सीएम बोले- कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार से परेशान है जनता

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में पार्टी का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन आज से दिल्ली में शुरू हो गया। वहीं, इस अधिवेशन में कर्नाटक के पूर्व सीएम और बीजेपी नेता बसवराज बोम्मई भी शामिल हुए। उन्होंने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कहा कि पार्टी पूरी तरह से तैयार है और जेडीएस के साथ गठबंधन भी अच्छा चल रहा है।कर्नाटक के पूर्व सीएम और बीजेपी नेता बसवराज बोम्मई ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी पूरी तरह से तैयार है और जेडीएस के साथ गठबंधन भी अच्छा चल रहा है।



उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार कर्नाटक में 28 में से 28 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। पूर्व सीएम ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला।उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार कर्नाटक में 28 में से 28 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। पूर्व सीएम ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जनता कांग्रेस सरकार के नौ माह के कार्यकाल से परेशान है।

## सुप्रीम कोर्ट ने गृहिणियों के योगदान को कम आंकने पर लगाई लताड़

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** 'घर में ही तो रहती हो...क्या ही काम होता होगा' यह वाक्य हर गृहिणी को सुनना पड़ता है। चाहे वह सूरज निकलने से पहले



उठती हो और रात को चांद के ढलने तक काम करती हो फिर भी यह वाक्य उनका पीछा नहीं छोड़ती है। घर में रहने वाली महिलायें न जाने कितने काम दिनभर में करती है बच्चें संभालने से लेकर वो सब देखतीं हैं जिससे उनके घर में रहने वाले मर्दों की जिंदगी आसान बनी रहे या उनके रूटीन में खलल न पड़े। लेकिन महीने के आखिर में वो घर में सैलरी नहीं ला पाती और बस इसी एक कारण से उनका सब किया हुआ सबकी नजरों में यहां तक आज के समाज की नजरों में भी यह सून्य माना जाता है।सुप्रीम कोर्ट ने गृहिणियों को लेकर सुनवाई करते हुए एक बड़ी टिप्पणी की है। उच्चतम न्यायालय ने हाउसवाइफ के काम को उनके साथी द्वारा सैलरी पाने के बराबर बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- परिवार की देखभाल करने वाली महिलाओं के योगदान का आंकलन पैसों से नहीं किया जा सकता है। कोर्ट में यह सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन ने गृहिणियों के मद्देनजर एह फैसला सुनाया है।इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए एक बड़ी टिप्पणी की है। उच्चतम न्यायालय ने हाउसवाइफ के काम को उनके साथी द्वारा सैलरी पाने के बराबर बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 'परिवार की देखभाल करने वाली महिलाओं के योगदान का आंकलन पैसों से नहीं किया जा सकता है।' कोर्ट में यह सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन ने गृहिणियों के मद्देनजर एह फैसला सुनाया है।यह ऐतिहासिक फैसला एक सड़क दुर्घटना में एक गृहिणी की असामयिक मृत्यु से संबंधित मामले में सुनवाई के दौरान सामने आया। इस घटना में शामिल वाहन के बीमा न होने के कारण, मुआवजे का दायित्व वाहन के मालिक पर आ गया। प्रारंभ में, परिवार को मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा दो लाख से अधिक लाख की राशि दी गई थी। इस फैसले को उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बरकरार रखा, जिसने एक गृहिणी के रूप में मृतक की भूमिका के आधार पर मुआवजे की गणना की, उसे न्यूनतम काल्पनिक आय दी गई।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा बीच में छोड़कर वायनाड क्यों पहुंचे राहुल गांधी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**वायनाड।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बीच में छोड़कर सांसद राहुल गांधी केरल के वायनाड पहुंचे। राहुल गांधी ने वायनाड के वन विभाग के चौकीदार वीपी पॉल के आवास पर पहुंचकर उनके परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिवार को सांत्वना दी।ायनाड में एक जंगली हाथी के हमले में मारे गए चौकीदार के परिवार से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुलाकात की। वह कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय को बीच में छोड़कर वायनाड के लिए रवाना हुए। यहां उन्होंने परिवार से मुलाकत कर परिवार को सांत्वना दी। बता दें कि कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय इन दिनों यूपी दौरे पर हैं।बता दें कि वायनाड में एक जंगली हाथी द्वारा कुचलने से वन विभाग के चौकीदार वीपी पॉल की मौत हो गई थी। राहुल गांधी ने घटना की जानकारी मिलते ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को बीच में ही रोक दिया और वह वायनाड रवाना हो गए।उन्होंने बताया कि राहुल गांधी इस घटना की जानकारी मिलने के बाद कल वाराणसी से वायनाड के लिए रवाना हुए थे। आज सुबह वह वायनाड में रहेंगे और दोपहर 3 बजे प्रयागराज से फिर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शिरकत करेंगे।



## लोकसभा चुनाव में हर सीट पर भाजपा का केवल एक ही उम्मीदवार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले सरकार की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचाने और पार्टी की आगे की रणनीति बनाने के लिए आज दिल्ली में भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू हो गया है।



भाजपा के इस दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए पीएम मोदी भी दिल्ली के भारत मंडपम पहुंचे हैं। आज दिल्ली में भाजपा का राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू हो गया है। भाजपा के इस दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने के लिए पीएम मोदी दिल्ली के भारत मंडपम पहुंच गए हैं। भारत मंडपम् में हो रहे अधिवेशन में पार्टी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अलग से प्रस्ताव पारित कर सकती है। इसी के साथ पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति भी बना सकती है।पार्टी बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बीजेपी का 370 लोकसभा सीटें जीतना श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगा, जिन्होंने अनुच्छेद 370 को खत्म करने के लिए लड़ाई लड़ी।पीएम मोदी ने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव में इस बार बीजेपी का चुनाव चिह्न 'कमल' पार्टी का उम्मीदवार होगा। पीएम ने इसी के साथ सभी से अपनी जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया।दूसरी ओर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्षी पार्टियों पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजनीतिक कारणों से जो 'महिला आरक्षण बिल' 3 दशकों से पास नहीं हो पाया था, उसे पीएम मोदी ने मात्र 3 दिन में पास हो गया।नड्डा ने कहा कि भाजपा ने लंबी वैचारिक यात्रा भी पूरी की है। भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जिसने 1951 में ?जो कहा 2023-24 में भी उसी बात पर टिकी रही। कोई राजनीतिक पार्टी ऐसी नहीं है, जो अपने सैद्धांतिक विचारों पर टिकी रही।भारत मंडपम में हो रहे इस अधिवेशन में पार्टी अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अलग से प्रस्ताव पारित कर सकती है।

## केरल में जंगली हाथियों के उत्पात से दो लोगों की मौत, विपक्षी दलों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**वायनाड।** केरल में जंगली हाथियों



के हमले में लोगों की मौत और राज्य सरकार द्वारा इस पर रोक के लिए प्रभावी कदम न उठाए जाने के विरोध में शनिवार को वायनाड जिले में भाजपा समेत अन्य विपक्षी दलों ने जोरदार प्रदर्शन किया।जंगली हाथियों के हमले में लोगों की मौत और केरल सरकार द्वारा इस पर रोक के लिए प्रभावी कदम न उठाए जाने के विरोध में शनिवार को वायनाड जिले में भाजपा समेत अन्य विपक्षी दलों ने जोरदार प्रदर्शन किया। हाथी के हमले में गत दिवस मारे गए गाइड का शव कोझिकोड मेडिकल कॉलेज से पक्कम लाए जाने पर प्रदर्शनकारियों ने वन विभाग की जीप को रोक लिया।हाथी के हमले में गत दिवस मारे गए गाइड का शव कोझिकोड मेडिकल कालेज से पक्कम लाए जाने पर प्रदर्शनकारियों ने वन विभाग की जीप को रोक लिया। उन्होंने वन्यजीवों के हमलों को रोकने के लिए पर्याप्त उपाय नहीं करने का आरोप लगाया।वहीं, केनिचिरा के पास जंगली जानवर के हमले में एक गाय मृत पाई गई। इस पर आक्रोशित लोगों ने गाय का शव लाकर वन विभाग की जीप के बोनट पर रख दिया और कार्रवाई की मांग की।जंगली हाथियों की समस्या के स्थायी समाधान की मांग करते हुए विपक्ष ने शनिवार को हड़ताल का आह्वान किया था, जिसकी वजह से दुकानें बंद रहीं। वाहन सड़कों से नदारद रहे।

## रूस में विपक्षी नेता नवलनी की याद में देशभर में हुआ कार्यक्रम


**सेंट पीटर्सबर्ग (रूस)।**रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर




विरोधी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत की शनिवार को पुष्टि हो गई। एलेक्सी नवलनी की मौत के बाद से 32 रूसी शहरों में कार्यक्रमों में 400 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। अधिकार समूह ओवीडी-इन्फो ने इसकी जानकारी दी। यह सितंबर 2022 के बाद से रूस में राजनीतिक कार्यक्रमों में गिरफ्तारी की सबसे बड़ी लहर है, जब लोगों द्वारा की जा रही प्रदर्शनों में 1,300 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया था। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर विरोधी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी ) की मौत की शनिवार को पुष्टि हुई। देश भर में इसे लेकर विरोध जताया जा रहा है। एलेक्सी नवलनी की मौत के बाद से 32 रूसी शहरों में कार्यक्रमों में 400 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## चुराचांदपुर में पुलिसकर्मी के निलंबन पर बवाल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**इंफाल।** एक हेड कांस्टेबल का तब निलंबन कर दिया गया जब उसको कथित तौर पर एक में हथियारबंद लोगों के साथ देखा गया था। इसके बाद मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में बवाल मचा हुआ है। हेड कांस्टेबल के निलंबन को लेकर आदिवासी संगठन ने उग्र रवैया अपना रखा है। इस बीच, इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में सरकारी कर्मचारियों से सोमवार से काम पर नहीं आने का आग्रह किया है।मणिपुर में हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। एक के बाद एक मुद्दे राज्य में नजर आते हैं जिसपर बवाल हो ही जाता है। अब एक नया मुद्दा है जिसमें एक हेड कांस्टेबल को कुछ हथियार बंद लोगों के साथ देखा गया जिसके बाद आदिवासी संगठन ने बवाल मचा रखा है। आदिवासी संगठन निलंबन को रद्द करने की मांग पर अड़े हुए हैं।आदिवासी संगठन ने हेड कांस्टेबल सियामलालपॉल के निलंबन को रद्द करने और पुलिस अधीक्षक शिवानंद सुर्वे और उपायुक्त धारुन कुमार को तत्काल बदलने की अपनी मांग पर जोर देने का आह्वान किया है।बता दें कि 15 फरवरी को हेड कांस्टेबल के निलंबन के कुछ घंटों बाद चुराचांदपुर में भीड़ ने एसपी और डीसी कार्यालयों वाले सरकारी परिसर में घुसकर वाहनों को आग लगा दी























## शिक्षामित्र के भरोसे चल रहा प्राथमिक विद्यालय चंद्रा लोनियांन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** शंकरगढ़ के प्राथमिक विद्यालय चंद्रा लोनियान के शिक्षक नारायण सिंह के विरुद्ध गांव के ही नागरिक अरविंद कुमार त्रिपाठी




ने मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) को प्रार्थनापत्र देकर उनको निर्वाचन कार्य से हटवाकर विद्यालय भेजने की गुहार लगाई है जिससे विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों की पढ़ाई को चौपट होने से बचाया जा सके। अरविंद कुमार त्रिपाठी ने अपने प्रार्थनापत्र में बताया है कि, विद्यालय में एक ही सरकारी शिक्षक दीपक कुमार सोनी कार्यरत हैं जो कि हेडमास्टरी का भी काम देखते हैं और प्रायः अवकाश पर रहते हैं। ऐसे में एकमात्र शिक्षामित्र ओमप्रभा सिंह ही विद्यालय का संचालन नियमित रूप से करती हैं। विद्यालय के एक अन्य सरकारी शिक्षक नारायण सिंह अक्सर विद्यालय से बाहर ड्यूटी लगवा कर गायब रहते हैं। ऐसे में बच्चों का पठन-पाठन अत्यधिक प्रभावित हो रहा है। जब से शंकरगढ़ में नए खंड शिक्षा अधिकारी शिव औतार का आगमन हुआ है तब से नारायण सिंह जैसे भगोड़े शिक्षकों के हौसले बुलंद हैं, शिक्षक नारायण सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी शिव औतार की साठ- गांठ क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## निशान लेकर गजराज पर कमांडेंट, घोड़ों पर सवार होकर निकले कैप्टन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** यह शोभायात्रा वसंत पंचमी के दूसरे हफ्ते निकाली जाती है। वैदिक रीत रिवाज से पूजन के



बाद हाथी को तिलक लगाकर मां गंगा की पूजा के लिए निशान शोभायात्रा निकाली गई। बाजे गाजे के साथ हाथी, घोड़े और पालकी से सुसज्जित सेना की निशान शोभायात्रा का नेतृत्व कमांडेंट कर्नल मनी सिंह ने किया। आयुध भंडार किले से शनिवार को सेना की ओर से निकाली गई निशान शोभायात्रा में शाही अंदाज देखते बना। हाथी, घोड़े, बग्घी से सुसज्जित इस शोभायात्रा में बाजेगाजे के साथ सात से अधिक निशान लेकर अफसरों की टोलियां निकलीं तो लोग देखते रह गए। इसी के साथ माघ मेले में निशान शोभायात्रा निकाले जाने की 440 साल पुरानी परंपरा एक बार फिर जीवंत हो उठी। यह शोभायात्रा वसंत पंचमी के दूसरे हफ्ते निकाली जाती है।

## 10 लाख करोड़ की परियोजनाएं का आज होगा शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**लखनऊ।** लखनऊ में यूपी का चौथा भूमि पूजन समारोह आज से शुरू हो रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी इसमें शिरकत करेंगे। देश-विदेश के शीर्ष उद्योगपति यहां पर आएंगे। यूपी सोमवार को तरक्की की लंबी छलांग का गवाह बनेगा। 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की निवेश परियोजनाएं धरातल पर उतरती हुई दिखेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 हजार निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इससे 34 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा, जो यूपी को 10 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के सीएम योगी आदित्यनाथ के सपने को पूरा करने की दिशा में एक अहम पड़ाव होगा। पीएम मोदी सोमवार को राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से परियोजनाओं का शुभकामनाएं करेंगे। इसके बाद लोगों को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और अन्य गणमान्य महानुभाव के साथ वहां लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। पिछले वर्ष 10 से 12 फरवरी



के बीच वैश्विक निवेशक सम्मेलन का आयोजन हुआ था और अब 19-21 फरवरी के बीच भूमि पूजन समारोह (जीबीसी) का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश के जाने-माने उद्योगपति शामिल होंगे। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद योगी सरकार के लिए यह एक और बड़ा अवसर है, जब पूरी दुनिया की नजरें यूपी की ओर हैं। तीन दिवसीय इस आयोजन में दुनिया के करीब 4000 प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की संभावना है। इसमें जाने-माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इंडिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत व उच्चायुक्त और अन्य प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हैं।

## आठ लाख में भर्ती का ठेका परीक्षा के लिए 50 हजार एडवांस

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** गैंग के सरगना समेत दो सदस्य फरार हैं। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि कैंट थाना क्षेत्र में एक सॉल्वर गिरोह के सदस्य इकट्ठा हुए हैं। जो सिपाही भर्ती परीक्षा में नकल कराने की




फिराक में हैं। इस पर एसटीएफ लखनऊ की एक टीम ने शाम करीब 5:30 बजे द्रोपदी घाट मंदिर के सामने से छह लोगों को पकड़ा। झूंसी के बाद कैंट में भी सॉल्वर गिरोह के छह सदस्य गिरफ्तार किए गए। इस गिरोह ने आठ लाख में अभ्यथियों को भर्ती में चयनित कराने का ठेका लिया था। जिसमें परीक्षा से लेकर अन्य चरण पार कराए जाने थे। हालांकि प्रशन्पत्र आउट कराने से पहले ही उन्हें एसटीएफ लखनऊ की टीम ने दबोच लिया। गैंग के सरगना समेत दो सदस्य फरार हैं। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि कैंट थाना क्षेत्र में एक सॉल्वर गिरोह के सदस्य इकट्ठा हुए हैं। जो सिपाही भर्ती परीक्षा में नकल कराने की फिराक में हैं। इस पर एसटीएफ लखनऊ की एक टीम ने शाम करीब 5:30 बजे द्रोपदी घाट मंदिर के सामने से छह लोगों को पकड़ा। इनके पास से आठ एडमिट कार्ड, 3.46 लाख नकद के अलावा पांच आधार कार्ड, 06 मोबाइल फोन, तीन एटीएम कार्ड, एक ड्राइविंग लाइसेंस, दो बाइक, दो मार्कशीट, एक चेकबुक, दो पैन कार्ड बरामद हुआ। बरामद रुपयों और एडमिट कार्ड के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाने पर उन्हें थाने लाया गया। यहां सख्ती से पूछताछ में पता चला कि आरोपी सॉल्वर गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं जो सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराकर नकल कराने के चक्कर में थे। बताया कि इस गैंग का सरगना संदीप प्रजापति है जिसने कई अभ्यथियों से आठ लाख में चयन कराने का ठेका लिया था। यही नहीं प्रति अभ्यर्थी 50 से 75 हजार रुपये एडवांस लेकर सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रशन्पत्रों की उत्तरकुंजी देने की बात कही थी। हालांकि इससे पहले ही गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। यह भी बताया कि संदीप पुत्र लाल प्रजापति नि0 उलडा, थाना नवाबगंज है। जो अपने साथी आदित्य पांडेय उर्फ बब्बू के साथ फरार हो गया। दोनों की तलाश की जा रही है। सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान जनपद में दो केंद्रों पर सॉल्वर पकड़े गए।

## सच्चे प्यार को कानून की कठोरता से नियंत्रित करना सही नहीं, आपराधिक कार्रवाई रद्द

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** बहला फुसलाकर शादी करने के मामले में दर्ज एफआईआर को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रद्द करने का आदेश जारी किया है। कहा कि शांतिपूर्वक तरीके से जीवन निर्वाह कर रहे लोगों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई करना सही नहीं है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जोड़े के बीच सच्चा प्यार हो तो कानून की कठोरता या राज्य की कार्रवाई के जरिए नियंत्रित नहीं किया जा सकता है। भले ही वह वयस्क होने की कगार पर हों। यह आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी की पीठ ने उननव के याची सहित तीन लड़कों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई को रद्द करते हुए दिया है। मामले में याचियों पर आरोप था कि उन्होंने लड़कियों को बहला-फुसलाकर शादी कर ली। माता-पिता ने उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करा दी। याचियों की ओर से उसे हाईकोर्ट में चुनौती दी



गई। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में माता-पिता की ओर से लड़के के खिलाफ दर्ज कराई गई प्राथमिकी उनके वैवाहिक रिश्ते में जहर घोलने जैसा है। कोर्टों को भी कभी-कभी ऐसे किशोर जोड़े के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को सही ठहराना पड़ता है जो शादी करते हैं और शांतिपूर्वर्क जीवन जीते हैं। परिवार का पालन -पोषण करते हैं। साथ ही कानून के प्रति सम्मान बनाए रखते हैं। जबकि, ऐसे मामलों में मानवीयता और व्यवहारिकता का भी ध्यान देने की जरूरत है। कोर्ट ने लड़कियों के बयान को देखते हुए कहा कि वे अपने साथी के साथ रहना चाहती हैं। उन्हें बच्चे का भी आशीर्वाद प्राप्त है।

## माघ मेले में ठिठके और रामफल खाकर निहाल हो उठे आबिद सुरती

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** डब्बू कहां से आया...द्वितीय विश्व युद्ध से लौटे सैनिकों से। वह ट्रेन से गुजरते



तो विदेशी कॉमिक्स पढ़कर फेंक देते। उन्हीं में से मिक्की माउस को देखा..आकार-प्रकार समझा और फिर बन गया डब्बूजी। तब, अखबार में एक कार्टून के 15 रुपये मिलते थे। घर 150 रुपये में चल जाता था। आबिद सुरती (89)..."डब्बूजी" के जनक का बेशक दिग्गज कार्टूनिस्ट के रूप में ही पहला परिचय है, लेकिन इकलौता कतई नहीं। रंगों की दुनिया से ऐसे खेले कि पूरा घर ही रंग डाला। पत्रकार रहे, कई उपन्यास लिखे, फिल्मों की पटकथाएं लिखीं, नाटक लिखे। युवाओं के बीच प्रेरक वक्ता हैं और पानी की एक-एक बूंद बचाने वाले जलयोद्धा भी। शनिवार को इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के गेस्ट हाउस में बगैर लाइट के दरवाजा खुला रखकर सोफे पर बैठे हैं...। (जी, यहां बिजली की लाइन बदली जो जा रही है।) प्रो. अजय जैतली के दरवाजे पर खटखट करते ही अंधेरे छोर से आवाज आती है...हां-हां आइए। फिर, परिचय का द्वार खुलते ही आत्मीयता से पहले हाथ और फिर गले तक मिले। बातों का सिलसिला भी चल निकला...। डब्बू कहां से आया...द्वितीय विश्व युद्ध से लौटे सैनिकों से। वह ट्रेन से गुजरते तो विदेशी कॉमिक्स पढ़कर फेंक देते। उन्हीं में से मिक्की माउस को देखा..आकार-प्रकार समझा और फिर बन गया डब्बूजी। तब, अखबार में एक कार्टून के 15 रुपये मिलते थे। घर 150 रुपये में चल जाता था। कार्टून की दुनिया...टीवी के कार्टून ने पत्र-पत्रिकाओं के कार्टून की दुनिया समेट दी। व्यंग्य की धार घटी और जनता की चाह भी। वर्ना दौर यह भी था कि एक कार्टून न छपे तो अखबारों के दफ्तरों में फोन पर फोन आने लगते थे। असली धम... 'मेरे कार्टूनों से ओशो बहुत प्रभावित थे, मैं भी उनसे। वह प्रवचनों में कार्टूनों की अपने ढंग से व्याख्या करते। मेरी राय में असली धर्म इंसानियत है। पर, आज भी बच्चों में बचपन से धर्म को ठूंस रहे हैं। गलत है यह। उन्हें अच्छी शिक्षा दो, वो जो चाहे धर्म अपनाए। मैंने तो यही किया है।



# थाना चिल्ह पुलिस द्वारा दहेज हत्या के 02 नफर आरोपी गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**थाना चिल्ह, जनपद मीरजापुर पर दिनांकः 16.02.2024 को वादी मिन्टु राय पुत्र धनंजू राय निवासी ओनावल थाना सकलडीहा जनपद चन्दौली द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध एकराय होकर दहेज की मांग को लेकर वादी की पुत्री को मानसिक रुप से प्रताड़ित करने एवं उसकी हत्या कर देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई । जिसके आधार पर थाना चिल्ह पर मु0अ0सं0-34/2024 धारा 498ए, 304बी भादवि व डीपी एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'अभिनन्दन' द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु थानाध्यक्ष चिल्ह को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः 17.02.2024 को उप निरीक्षक कुर्बान अली मय पुलिस टीम द्वारा थाना चिल्ह क्षेत्र से 02 नफर नामजद अभियुक्तगण 1. शिवकुमार उर्फ मोनू व 2. स्वतंत्र कुमार उर्फ सोनू पुत्रगण नन्दलाल निवासीगण शिवरानी थाना चिल्ह जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/ जेल भेजा गया।

# पेपर लीक आपके प्रधानमंत्री ने कराया है, छात्रसंघ किया खत्म, यह आपको रोकने का तरीका

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।**कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान प्रयागराज में राहुल गांधी ने पिछड़ों और अनुसूचित जाति के लोगों के साथ युवाओं को भी साधा। उन्होंने कहा-आपके प्रधानमंत्री ने पेपर लीक कराया है। छात्रसंघ भी खत्म कर दिया गया है। यह सब आपको रोकने का तरीका है।स्वराज भवन से कर्नलगंज, कटरा होते हुए यात्रा लक्ष्मी टॉकीज पहुंची। वहां बड़ी संख्या में युवा आरओ-एआरओ पेपर लीक, लोक सेवा आयोग की तानाशाही आदि से संबंधित तख्ती लिए हुए थे। लक्ष्मी टॉकीज पर संबोधन से पहले राहुल पेपर लीक से प्रभावित युवक को भारत जोड़ो यात्रा के वाहन पर बुलाया। उसके नाम जाति आदि के बारे में जानकारी ली। अंकित नामक युवक ने बताया कि वह ओबीसी वर्ग से है।सवाल जवाब के साथ ही राहुल गांधी का संबोधन हुआ। राहुल गांधी ने कहा कि पेपर लीक आपके साथ अन्याय है। यह सब आपके प्रधानमंत्री करा रहे हैं। संगम की नगरी में आप पर अत्याचार किया जा रहा है। राहुल गांधी ने युवाओं से कहा, आप डरो नहीं, हाथ उठाओ। पेपर लीक होने का मुद्दा मैं उठाऊंगा।राहुल ने कहा कि ओबीसी, अनुसूचित जाति और आदिवासियों की आबादी 75 प्रतिशत है लेकिन आपके साथ अन्याय हो रहा है। आपने अयोध्या में राम मंदिर का जशन देखा होगा। वहां एक भी ओबीसी नहीं था। अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय, अंबानी मौजूद थे। देश में आप 73 फीसदी हैं लेकिन कोई भी फैक्ट्री ओबीसी की नहीं है। सर्वे कराया है कि शीर्ष 90 आईएएस में सिर्फ तीन ओबीसी हैं। प्राइवेट विश्वविद्यालय, अस्पतालों, मीडिया कहीं भी ओबीसी नहीं हैं। आप देखिए, आप मजदूरों की सूची में शामिल है।आगे बढ़ने के लिए जानना होगा कि आपकी आबादी कितनी है। साथ ही नौकरी, अर्थ के मामले में आपकी भागीदारी कितनी है। इसके लिए जातिगत जनगणना जरूरी है। यह देश का एक्सरे है। जातिगत जनगणना से सबकुछ स्पष्ट हो जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि जग जाओ, खड़े हो जाओ, फिर आपके सामने कोई खड़ा नहीं हो पाएगा। उन्होंने कर्जमाफी को लेकर किसानों के मुद्दे भी उठाए।इससे पहले राहुल चार्टर्ड प्लेन करीब तीन बजे बमरौली एयरपोर्ट आए। वहां कांग्रेस नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से वह सड़क मार्ग से सीधे स्वराज भवन पहुंचे। राहुल गांधी स्वराज भवन में भीतर नहीं गए और वहीं से यात्रा शुरू कर दी। कर्नलगंज, विश्वविद्यालय मार्ग चौराहा, कटरा, नेतराम होते हुए यात्रा लक्ष्मी टॉकीज पर पहुंची। यहां से तेलियरगंज, फाफामऊ, मलाक हरहर होते हुए यात्रा मऊआइमा पहुंची।हरिसेनगंज में यात्रा ने रात्रि विश्राम किया। इस दौरान यात्रा का तेलियरगंज, मलाक हरहर समेत अनेक स्थानों पर स्वागत हुआ। यात्रा में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय, राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पीएल पुनिया, अनिल शास्त्री, सुप्रिया श्रीनेत्र, पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, कन्हैया कुमार, योगेंद्र यादव आदि शामिल रहे।



# जनपद के 05 स्थानों पर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-2024 के आयोजन का किया जायेगा सजीव प्रसारण

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**मीरजापुर 17 फरवरी 2024- आगामी दिनांक 19 फरवरी 2024 को पूर्वान्ह 10 बजे से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी -2024 का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम का आयोजन जनपद विभिन्न विधानसभाओं के अन्तर्गत कुल 05 स्थानो पर सजीव प्रसारण किया जायेगा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के क्रम में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-2024 कार्यक्रम को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में स्थित तहसील/ब्लाक मुख्यालय अथवा उचित स्थल पर कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित करायी गयी है। आयोजित कार्यक्रम को सदर विधानसभा अन्तर्गत जनपद मुख्यालय के नगर के सिटी क्लब मीरजापुर में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त छानबे विधानसभा अन्तर्गत विकास खण्ड लालगंज सभागार, विधानसभा मड़िहान अन्तर्गत सामुदायिक बहुउद्देशीय भवन दीपनगर पटेहरा।



# 15 हजार का ईनामिया गैंगस्टर एक्ट का आरोपी सहित कुल 03 गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'अभिनन्दन' द्वारा आगामी सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा वांछित/पुरस्कार घोषित/ईनामियां/गो-तस्करी के अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है ।उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अहरौरा पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । आज दिनांकः 17.02.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना अहरौरा पुलिस टीम द्वारा थाना अहरौरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-07/2023 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट का वांछित व ? 15 हजार के ईनामियां अभियुक्त राजा बाबू पुत्र भोला बिन्द निवासी सूरहा थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर तथा अन्य 02 अभियुक्त पप्पू कोल पुत्र कन्हई कोल उर्फ कन्हैयालाल निवासी हरदी गुलाल पुर थाना लालगंज जनपद मीरजापुर व लक्कड़ उर्फ दिनेश मोदनवाल पुत्र दुक्खी प्रसाद निवासी रेलवे स्टेशन पीली कोठी थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर को थाना अहरौरा क्षेत्रांतर्गत बरबकपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 05 अदद अवैध पिस्टल .32 बोर, 10 अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर मु0अ0सं0-36/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है ।

# चित्रकूट में तीसरी पाली में पकड़ा गया एक मुन्ना भाई

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**चित्रकूट।**चित्रकूट में तीसरी पाली में पकड़ा गया एक मुनन भाई, परीक्षार्थी की जगह दे रहा था पेपरर्पूिद्दू ै: पहाड़ी थाना क्षेत्र के पलेश्वर नाथ इंटर कॉलेज में परीक्षार्थी की जगह दूसरा युवक पेपर देते पकड़ा गया है। जिले में अब तक यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले चार लोग गिरफ्तार हुए हैं।चित्रकूट जिले में यूपी पुलिस भर्ती की परीक्षा में तीसरी पाली में एक मुनन भाई को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, अनुज नाम के परीक्षार्थी की जगह रितेश नाम का युवक पेपर दे रहा था। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जांच शुरू की है।मामला पहाड़ी थाना क्षेत्र के पलेश्वर नाथ इंटर कॉलेज का बताया जा रहा है। बता दें कि कल भी पुलिस ने दो मुनन भाई सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। जिले में अब तक यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले चार लोग गिरफ्तार हुए हैं।

# नहीं कम हो रहीं सपा की मुश्किलें, महासचिव सलीम शेरवानी ने दिया इस्तीफा, उपेक्षा का लगाया आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफा देने के बाद सलीम शेरवानी ने भी सपा के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि सपा मुसलमानों का भरोसा खो रही है। सलीम शेरवानी बदायूं से लोकसभा सदस्य रहे हैं।राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद से सपा की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। रविवार को पार्टी के एक और राष्ट्रीय महासचिव सलीम शेरवानी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि वह राज्यसभा टिकट न मिलने से नाराज थे।अपने इस्तीफे को लेकर अखिलेश यादव को लिखे गए पत्र में उन्होंने मुसलमानों की उपेक्षा का आरोप लगाया और कहा कि सपा मुसलमानों का भरोसा खो रही है।सलीम ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को चिट्ठी लिखी है जिसमें उन्होंने कहा है कि पार्टी में मुसलमानों की उपेक्षा से परेशान होकर महासचिव पद से इस्तीफा दे रहा हूं. जल्द ही भविष्य को लेकर फैसला लूंगा।उन्होंने कहा कि मुसलमान लगातार उपेक्षित महसूस कर रहा है राज्यसभा के चुनाव में भी किसी मुसलमान को नहीं भेजा गया। बेशक मेरे नाम पर विचार नहीं होता लेकिन किसी मुसलमान को भी यह सीट मिलनी चाहिए थी। मुसलमान एक सच्चे रहनुमा की तलाश में हैं। मुझे लगता है सपा में रहते हुए मैं मुसलमान की हालत में बहुत परिवर्तन नहीं ला सकता।सलीम शेरवानी ने आरोप लगाया है कि जिस तरह से अपने पीडीए का नाम लिया लेकिन राज्यसभा में उम्मीदवारों की लिस्ट को देखकर लगता है कि आप खुद ही पीडीए को कोई महत्व नहीं देते।




# केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने ग्राम भैंसा में 43.65 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले प्रस्तावित आरओबी का किया स्थलीय निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री एवं जनपद की सांसद अनुप्रिया पटेल ने शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 2 से कछवा कस्बे को जोड़ने वाली सड़क पर ग्राम भैंसा में स्थित पुलिस चौके के पास 43.65 करोड़ की लागत से प्रस्तावित ऊपरगामी (आरओबी) एवं स्टेशन पर आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे अंडरपास ब्रिज का स्थलीय निरीक्षण किया एवं उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। अवगत हो कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के विशेष प्रयास से प्रस्तावित इस इस आरओबी के निर्माण की स्वीकृति मिली है। इस पुल के निर्माण के लिए स्थानीय लोगों की पिछले लंबे समय से मांग रही है। जनपद के तेजी से हो रहे विकास की वजह से कछवा कस्बा में आवागमन तेज हो गया है। जिसकी वजह से स्थानीय लोगों को सड़क पार करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। लेकिन ऊपरगामी पुल के निर्माण के पश्चात लोगों को काफी राहत मिलेगी, सड़क पार करना आसान हो जाएगा। कटका में प्रस्तावित अंडर पास का भी किया स्थलीय निरीक्षणःकेंद्रीय मंत्री ने शनिवार को ही कटका ग्राम सभा में 7.22 करोड़ की लागत से प्रस्तावित रेलवे अंडर पास का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। बता दें कि यहां पर कई दुर्घटनाओं की वजह से स्थानीय लोगों की लंबे समय से मांग रही है। लोगों की मांग को देखते हुए केंद्रीय मंत्री के विशेष प्रयास से यहां भी अंडर पास का निर्माण किया जाएगा।गुड़िया में प्रस्तावित अंडर पास का किया स्थलीय निरीक्षणःकेंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भैंसा व कटका ग्राम सभा के अलावा गुड़िया ग्राम सभा में 5 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से भी बातचीत की। इस मौके पर वाराणसी के रोहनिया विधायक रोहनिया डॉ. सुनील पटेल, रेलवे सांसद प्रतिनिधि डॉ एसपी पटेल,मौजूद रहें



# चंदौली में टला बड़ा रेल हादसा जेसीबी से टकराई लोकमान्य तिलक ट्रेन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**वाराणसी।**चंदौली में बड़ा हादसा होते-होते बचा है। रविवार को जेसीबी रेलवे ट्रैक को पार कर रही थी। इसी दौरान लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस ट्रेन सामने से आ गई। ट्रेन की टक्कर से जेसीबी के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद घंटों रेलवे ट्रैक बाधित रहा। इस दौरान यात्रियों को काफी परेशानी हुईचंदौली जिले में रविवार को बड़ा हादसा टल गया। यहां लोकमान्य तिलक एक्सप्रसे ट्रेन से रेलवे ट्रैक पार कर रहे जेसीबी से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जेसीबी के परखच्चे उड़ गए। वहीं ट्रेन के इंजन को भी नुकसान पहुंचा। घटना के बाद घंटों रेलवे ट्रैक प्रभावित रहा। जानकारी के मुताबिक, जेसीबी संचालक ठेकेदारी में आस-पास में रेलवे का ही कार्य कर रहा था। इसी क्रम में नींबूपुर गांव के समीप रेलवे ट्रैक को जबरदस्ती क्रॉस कर आगे जा रहा था। इसी दौरान वाराणसी से लोकमान्य तिलक मुगलसराय की ओर गुजर रही थी। जिससे ट्रेन और जेसीबी की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जेसीबी को लगभग 200 मीटर दूर तक घसीटते हुए ट्रेन आगे बढ़ी। जिसके बाद ड्राइवर ने आपात ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका। इस दौरान जेसीबी चला रहा चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर रेलवे के अधिकारी और जीआरपी वह अन्य अधिकारी पहुंचकर छानबीन में जुटे रहे। दूसरी जेसीबी मंगाकर क्षतिग्रस्त जेसीबी को हटाने का कार्य कराया गया।घटना की सूचना पाकर वाराणसी एडीआरएम लालजी चौधरी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर दूसरी जेसीबी मंगाकर उसकी सहायता से क्षतिग्रस्त जेसीबी को हटाकर रूट को खाली कराया गया। वहीं क्षतिग्रस्त पटरियों की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया। एडीआरएम ने कहा कि इस घटना की गंभीरता से जांच कराई जाएगी और जो दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।



# गंदा है पर धंधा है ये- मरीज माफिया का सहयोगी अस्पताल वसुंधरा भी सील

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**गोरखपुर।**गोरखपुर जिला प्रशासन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की तरफ से संयुक्त कार्रवाई की गई। ईशू अस्पताल के कर्मचारियों को हिरासत में लेकर पूछताछ में वसुंधरा अस्पताल की भी मिली साझेदारी। अस्पताल को भी सीज कर आठ आरोपियों को किया गया गिरफ्तारगोरखपुर में मरीजों की खरीद-फरोख्त करने के मामले में ईशु के बाद अब वसुंधरा अस्पताल को भी सील कर दिया गया है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग को पता चला कि मरीजों की खरीद-फरोख्त में यह अस्पताल भी शामिल था। इसके बाद सीएमओ ने अस्पताल को सील कराकर जांच शुरू कर दी है।उधर, मेडिकल कॉलेज से मरीज को प्राइवेट अस्पतालों में बेचे जाने वाले मरीज-एंबुलेंस माफिया गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें दो नर्सिंग होम के संचालक, एमबीबीएस डिग्री का गलत इस्तेमाल कराने वाले डॉक्टर रणजंय प्रताप सिंह, मेडिकल कॉलेज के आउटसोर्सिंग कर्मचारी शामिल हैं।ये सभी मरीज के इमरजेंसी में आने के बाद मेडिकल कॉलेज में आईसीयू खाली न होने, सुविधाएं नहीं मिलने और कई बार बेड ही खाली न होने की दलील देकर नर्सिंग होम के दलालों को बेच दिया करते थे। तीमारदार के तैयार होते ही मेडिकल कर्मी एंबुलेंस को फोन करके बुला लेते थे और फिर मरीज सीधे पैडलेगंज के ईशु नर्सिंग होम और वसुंधरा नर्सिंग होम में पहुंचा दिया जाता थाइसके बदले एंबुलेंस संचालकों को 10 से 25 हजार रुपये मिल जाते थे। ऑपरेशन वाले मरीज के तीमारदारों से 25 हजार और अन्य के दस हजार रुपये तय थे। इसका नकद में भुगतान होता था। कई बार ऑनलाइन भुगतान भी किया जाता था। रविवार को पुलिस लाइंस में डीएम कृष्णा करुणेश, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिशनेई ने पकड़े गए गिरोह के बारे में प्रेस कांफ्रेंस करके जानकारी दी उन्होंने बताया कि मेडिकल कर्मी, एंबुलेंस और नर्सिंग होम के दलालों का एक गिरोह मरीज के खरीद-फरोख्त में सक्रिय है। मरीजों को सरकारी एंबुलेंस से बीआरडी मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में लाया जाता है। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी के आसपास पहले से सक्रिय दलाल और मेडिकल कॉलेज के कुछ कर्मी मौजूद रहते हैं।

# ये शहर शराबी नहीं, 'पड़ोसी' की आमद से चमक रहे मयखान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**वाराणसी।**चार साल में करीब चार लाख बढ़ी कुशीनगर की आबादी कुशीनगर में अंग्रेजी शराब की खपत 64 फीसदी तक बढ़ गई है। कुशीनगर की आबादी चार साल में करीब चार लाख बढ़ी है। अंग्रेजी शराब की 27 लाख बोतल और 70 लाख केन बियर की खपत बढ़ गई है।कुशीनगर में मयखानों की चमक बढ़ती जा रही है। बीते चार वर्षों में जिले की आबादी तो बमुश्किल 10 फीसदी बढ़ी लेकिन अंग्रेजी शराब की खपत 64 फीसदी तक बढ़ गई। वहीं, बियर की मांग में डेढ़ सौ फीसदी का उछाल आ चुका है। दरअसल, बिहार में शराब पर पाबंदी की वजह से सीमावर्ती जिले में शौकीनों की आमदरफ्त बढ़ गई और शराब की बिक्री साल-दर-साल नए रिकॉर्ड बना रही है। सरकारी विभागों के आंकड़े इसकी तस्दीक कर रहे हैं। बुद्धनगरी कुशीनगर का बड़ा हिस्सा बिहार के पश्चिमी चंपारण और गोपालगंज जिले से जुड़ा है। दवा-इलाज और खरीदारी की जरूरतों के साथ इस पार से उस पार तक लोगों की रिश्तेदारियां भी हैं इसलिए आना-जाना रहा है। बिहार में शराब पर पाबंदी के बाद हाईवे के अलावा गांव-कस्बों की पगडंडियों के रास्ते शराब की तस्करी तो बढ़ी ही, शराब के शौकीन तलब पूरी करने के लिए सीमा पार तक पहुंचने लगे हैं। इसी का नतीजा है कि सीमाई इलाकों में शराब के अड्डे बढ़ते गए और लाइसेंसी दुकानों से भी शराब बिक्री में जबरदस्त उछाल आया है।पड़ोसी जिले देवरिया के लार, बनकटा और खामपार क्षेत्र बिहार के सीवान से जुड़ते हैं, भटनी और बरियारपुर से गोपालगंज जुड़ता है। जानकारों के मुताबिक लार के रास्ते रामजानकी मार्ग से भी बिहार जुड़ता है।



# रोज चेकिंग कराकर कसेंगे नकेल, लोगों ने कहा- नाबालिग को न दें वाहन

बैराज पर नाबालिग कार चालक की टक्कर से दवा कारोबारी की मौत हो गई थी। मामले में डीसीपी सेंट्रल आरके गौतम का कहना है कि बैराज पर हुई घटना को गंभीरता से लिया गया है। रिपोर्ट दर्ज कर नाबालिग कार चालक को गिरफ्तार किया गया है।गंगा बैराज पर शनिवार को नाबालिग कार चालक की टक्कर से हुई दवा कारोबारी की यह पहली मौत नहीं है, इससे पहले अक्तूबर को बैराज पर ही दो की जान गई थी। इसमें भी कार चालक नाबालिग ही था। शुक्रवार को भी बर्रा में नाबालिग कार चालक ने पांच लोगों को टक्कर मार घायल कर दिया था। इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। इसके बाद भी न तो परिजन ध्यान दे रहे हैं और न ही पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। जिम्मेदार ऐसे ही हाथ पर हाथ धरे बैठे रहेंगे, तो यूं ही जानें जाती रहेंगी।नाबालिग को गाड़ी दी तो वाहन स्वामी को जाना पड़ सकता ह अधिवक्ता कौशल किशोर शर्मा के मुताबिक नाबालिग द्वारा की जाने वाली दुर्घटना के लिए जितना नाबालिग दोषी है, उतना ही अभिभावक भी। माता-पिता को बच्चों को सड़क पर गाड़ी दौड़ाने से रोकना चाहिए। वरना बच्चों के साथ खुद भी बड़ी मुसीबत में पड़ सकते हैं। मोटर व्हीकल एक्ट में ऐसे प्रावधान हैं। इसके अलावा आईपीसी के तहत भी रिपोर्ट दर्ज होती है और अब नए आने वाले कानून में तो इसके लिए सख्त सजा और बड़ी रकम के जुर्माने का भी प्रावधान किया गया ।

# परीक्षा छूटने के बाद स्टेशन पर बढ़ी भीड़, पैर रखने की भी नहीं थी जगह, पुलिस के छूटे पसीने

रेलवे स्टेशन से प्रयागराज रूट के अलावा झांसी के लिए सबसे अधिक अभ्यर्थी गए। झांसी इंटरसिटी एक्सप्रेस में सीट के लिए जमकर खींचतान हुई। एसी का टिकट लिए विकल शर्मा कोच में चढ़ नहीं पाए। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को जानकारी दी।कानपुर में पुलिस भर्ती के अभ्यथियों की शनिवार को भीड़ स्टेशन पर पहुंची तो उन्हें नियंत्रित करने में जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे अधिकारियों के पसीने छूट गए। प्लेटफार्म नंबर एक, दो, तीन, आठ और नौ पर पैर रखने तक की जगह नहीं बची। टिकट घर, पूछताछ केंद्र, तत्काल रिजर्वेशन काउंटर पर लंबी लाइन लगी रही। परीक्षार्थी दिल्ली, प्रयागराज, झांसी, लखनऊ रूट की ओर जाने वाली ट्रेनों में चढ़ गए।इस दौरान सीट को लेकर धक्कामुक्की और बहस हुई। रेलवे स्टाफ को कुछ जगहों पर बीच बचाव करना पड़ा। कुछ यात्रियों में नोकझोंक भी हुई। पुलिस में कांस्टेबल पद के लिए 17 और 18 फरवरी को परीक्षा रखी गई है। 17 फरवरी की शाम को परीक्षा देकर छूटने वाले और 18 फरवरी को पेपर देने वालों की एकदम से भीड़ स्टेशन पर पहुंच गई।इससे प्लेटफार्म नंबर एक से लेकर दस तक खचाखच भर गए। 22307 हावड़ा बीकानेर एक्सप्रेस, 15483 व 15484 महानंदा एक्सप्रेस, 12487 व 12488 सीमांचल एक्सप्रेस, 11080 गोरखपुर लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस की एसी, स्लीपर और सामान्य कोच में बैठ गए। सामान्य कोच में सीट को लेकर धक्कामुक्की हो गई। जीआरपी और आरपीएफ के स्टाफ ने उन्हें नियंत्रित किया।काफी संख्या में अभ्यर्थी ट्रेन पकड़कर रवाना हुए कुछ यात्रियों ने टीटीई से शिकायत भी की। सुबह के समय जीआरपी के डीआईजी राकेश पुष्कर ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा देने आए युवाओं को समझाया। अनवरगंज, रावतपुर, पनकी धाम, गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन से भी काफी संख्या में अभ्यर्थी ट्रेन पकड़कर अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए।सबसे ज्यादा झांसी के लिए गए अभ्यर्थीरेलवे स्टेशन से प्रयागराज रूट के अलावा झांसी के लिए सबसे अधिक अभ्यर्थी गए। झांसी इंटरसिटी एक्सप्रेस में सीट के लिए जमकर खींचतान हुई। एसी का टिकट लिए विकल शर्मा कोच में चढ़ नहीं पाए। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को जानकारी दी। दुर्ग स्पेशल में भी परीक्षाथियों की काफी भीड़ रही। गोविंदपुरी जीआरपी इंस्पेक्टर सुरुचि शर्मा के मुताबिक दो स्पेशल ट्रेनें झांसी की ओर चलाई गई हैं।



# बार-बार एक जगह तैनात लेखपाल की विशेष कहानी,प्रशासन फिर भी मजबूर क्यों

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र ।** राबट्र्सगंज तहसील के बिल्ली मारकुंडी में अर्से से तैनात लेखपाल का मामला गरमा गया है। जिलाधिकारी ने लेखपालों की तैनाती संबंधित फाइल तलब करनि चाहिए। लेखपाल राजेश मिश्रा की एक गांव में तैनाती कब से कब तक और क्यों बताते चलें कि अगस्त 2002 तक दिनेश कुमार दुबे बिल्ली मारकुंडी के लेखपाल रहे। सितंबर 2002 से दिसंबर 2009 तक राजेश कुमार मिश्र को इस खनन क्षेत्र के गांव का बस्ता मिला। दिसंबर 2009 से सितंबर 2010 तक राजकुमार मिश्र बिल्ली मारकुंडी के लेखपाल रहे। अक्टूबर 2010 से मई 2011 तक के पद पर एक ही व्यक्ति को किन परिस्थितियों में तवज्जो दिया जा रहा है।पूर्व डीएम ने कहां पूर्व में रहे जिलाधिकारी दिनेश कुमार सिंह के मुताबिक बिल्ली मारकुंडी ग्राम पंचायत में लेखपाल की तैनाती में अनियमितता का शिकायत पर बताया था कि जांच की जा रही है। तहसील प्रशासन से इस गांव में लेखपालों की तैनाती का ब्यौरा मांगा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार व कई वर्षो से एक ही लेखपाल को किसी गांव का लेखपाल बनाया जाना गलत है। लेखपाल के तैनाती के सम्बंध में कुछ विशेष कृपया भारत निर्वाचन आयोग के 2017 एवं प्रमुख सचिव राजस्व/ ब्यवस्था के अंतर्गत आकांक्षी जनपद सोनभद्र के अंतर्गत एक त्तहसील में 10 वर्ष अथवा उससे अधिक समय सीमा से कार्यरत क्षेत्रीय राजस्व लेखपालों का वर्ष, 2017 में मूल तहसील से अन्य तहसीलों में स्थानांतरण किया गया था। पुनः लेखपाल के तैनाती में कुछ खास उपरोक्त विषयक में सार्वजनिक नैतिकता के विरुद्ध संदिग्ध सत्यनिष्ठा में जो लेखपाल खनन क्षेत्र ग्राम बिल्ली- मारकुंडी क्षेत्र पर सितम्बर,2002- दिसम्बर,2009 तक फिर पुनः अक्टूबर,2010- मई, 2011 तक फिर पुनः मार्च- 2012- मई 2017 तक तैनाती दी गई थी। फिर पुनः उसी लेखपाल को दिनाँक-




पुनः राजेश कुमार मिश्र को इस अहम गांव का बस्ता थमा दिया गया। जून 2011 से मार्च 2012 तक श्रीराम इस गांव के लेखपाल रहे। मार्च 2012 में कुछ दिनों के लिए अरुणोदय पांडेय को इस गांव का लेखपाल बनाया गया लेकिन साजिश के तहत उन्हें हटा कर राजेश कुमार मिश्र को मार्च 2012 में पुनः बिल्ली मारकुंडी का लेख??पाल बना दिया गया, जो मौजूदा समय में लेखपाल हैं। इस सम्बंध में सूचना मांगने वाले ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर यह शिकायत दर्ज कराई है कि बिल्ली मारकुंडी के लेखपाल आपदा समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली उत्तर प्रदेश पर अंकित सन्दर्भ संख्या- 15200170045821 के निस्तारण के सम्बन्ध में आदेश दिनाँक- 27 अप्रैल, 2017 का अवलोकन सुनिश्चित किया जाए। जिसमें उपरोक्त निर्देशों में शासनादेश संख्या-1258/1-9-2004- 116 एल0 सी0/02,दिनाँक- 21 जून,2004 के क्रम में निर्गत परिषदादेश संख्या जी- 178/4/-18 ए/ 2008, दिनाँक- 03.06.2008 और उक्त शासनादेश के प्रस्तर- 4 में दी गई स्पस्ट 06 फरवरी, 2024 में भी उपरोक्त उच्चाधिकारियों के निर्देशों एवं शासनादेशों के उल्लंघनों में लोक सेवा(आचरण) में निहित प्राविधानों के विरुद्ध उक्त खनन क्षेत्र बिल्ली- मारकुंडी पर बारम्बार ब्यक्तिगत एक ही लेखपाल की तैनाती का कारण क्या है? अतएव आकांक्षी जनपद में लेखपालों की तैनाती को दृष्टिगत रखते हुए उपर्युक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों पर सम्यक विचारोपरांत सम्बन्धित प्रभारी अधिकारी के विरुद्ध सरकारी सेवक (आचरण) नियमावली- 1956 का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए ।

# अज्ञात लोगो द्वारा अधेड का सर कुचल कर सन्दिग्ध परिस्थित मे हुई हत्या

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र ।**सोनभद्र के बभनी थाना क्षेत्र के रम्पाकुरर गांव के झपरा क्षेत्र के रम्पाकुरर गांव के झपरा टोला में रामपति (55) रोज के भांति झोपड़ी में सो रहा था। देर



टोला में सड़क किनारे एक अधेड़ की सिर कूचकर हत्या कर दी गई। यहां झोपड़ी में सो रही आरती नाम की लड़की की चीख-पुकार सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष सुरेश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।बभनी थाना रात अज्ञात लोगों ने सिर कूचकर उनकी हत्या कर दी। वहीं, झोपड़ी में देर रात आरती नाम की लड़की ने खून से लथपथ शव चीखने-चिल्लाने लगी। हत्या की खबर से आस-पास हड़कंप मच गया।अज्ञात लोगों ने की हत्या मृतक के पुत्र जुगुल किशोर ने बताया कि सुंदरी गांव डूब क्षेत्र से शिव शंकर और उनकी पतने मुननी देवी उनकी जमीन में झोपड़ी बनाकर अपने परिवार के साथ रहती थी।

# कंपोजिट विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव समारोह

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र ।**राबर्टसगंज विकास खंड अंतर्गत गयारतवल न्यायपंचायत क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कैथी में शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की मंडल उपाध्यक्ष एवं राबट्र्सगंज विकास खंड की ए आर पी आशा भारती ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित और पुष्प अर्पित करके आरंभ किया। बालिकाओं ने सरस्वती वंदना के पश्चात अतिथि स्वागत गीत प्रस्तुत कर आगंतुकों का मन मोह लिया। छात्राओं द्वारा आयो रे शुभ दिन आयो रे, घूमर डांस, रामायण मंचन और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सभी को आनंदित किया। बतौर मुख्य अतिथि आशा भारती ने कहा कि शिक्षा के बगैर जीवन पशु के समान है। आज सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में बेमिसाल परिवर्तन हो रहा है यह हमारे शिक्षकों के अथक परिश्रम से ही संभव हो रहा है। प्रदेश में पिछड़ा जिला कहा जाने वाला जनपद सोनभद्र आज निपुण लक्ष्य को प्राप्त करने में उच्च शिखर पर होकर जिले को सम्मान दिलाने में शिक्षक अहम् भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने प्रतिभा में निखार लाने में सफल हो रहे हैं। कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि आशा भारती ने 500 रुपए पुरस्कार देने के साथ ही सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को पठन सामग्री देकर पुरस्कृत किया। इस



ने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील किया।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम भट्ट ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अभिभावकों के सहयोग से हम शिक्षक बच्चों की दौरान संकुल अरविंद दुबे,शिक्षक विजय प्रकाश द्विवेदी,वीनू वर्मा, अंजनी कुमारी, समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक सुनील शर्मा और अध्यापिका अर्चना पांडे ने किया ।

# आदिवासी कलाकारों ने की करमा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र ।** आदिवासी बाहुल्य जनपद सोनभद्र से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का नाता रहा है और आदिवासियों, वनवासियों और गिरिवासियों के सहयोग से ही भगवान श्री राम ने लंका पर विजय प्राप्त किया था। उक्त बातें शुक्रवार की देर शाम राबट्र्सगंज नगर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित श्री रामोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सोनभद्र जनपद लोक संस्कृति की उर्वरा भूमि रही है, जिसकी झलक हमें लोक साहित्य में दिखाई देती है। वरिष्ठ साहित्यकार दीपक कुमार केसरवानी द्वारा लिखित, केंद्रीय हिंदी निदेशालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित,सूर्यवंशी में भगवान भास्कर का खगोलीय, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, साहित्य का विमोचन किया गया। उपरोक्त



भगवान श्री राम कोसमर्पित कृति भारतीय संस्कृति में सूर्योपासना विचार श्री राम जन्मभूमि पर स्थापित भव्य मंदिर में राम लला के बाल विग्रह मूर्ति की स्थापना, प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष में रामायण कल्चर मैपिंग योजना के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के सदस्य दीपक कुमार केसरवानी की अध्यक्षता, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के सहयोग से जनपद मुख्यालय रॉबट्र्सगंज के श्री रामलीला मैदान में संस्कृति महोत्सव के अंतर्गत आदि पर्व श्री रामोत्सव के भव्य आयोजन में वक्ताओं ने व्यक्त किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे, विशिष्ट अतिथि डा0 कुसुमाकर श्रीवास्तव, अध्यक्ष दीपक कुमार केसरवानी द्वारा भगवान श्री राम के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण, ग्लेनहिल स्कूल छपका के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा संगीतमय श्री राम स्तुति हनुमान चालीसा पाठ से किया गया।कार्यक्रम में देश की सुप्रसिद्ध गायिका अपर्णा तिवारी (लखनऊ) कजली क्वीन सुश्री उषा गुप्ता (मिर्जापुर), कुसुम पांडे (वाराणसी), प्रतीक मिश्रा (सोनभद्र) ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम पर आधारित लोकगीत कजली, सोहर, बधाई गीतों से श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया।कार्यक्रम का समापन गिनीज ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सम्मिलित प्रयागराज के राजेंद्र तिवारी उर्फ दुकान जी द्वारा राम भजन पर आधारित मूंछ नृत्य से हुआ।




# ग्रामीणों के सुविधा के लिए नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र ।** रावटसगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत मानपुर में 11लाख84 हजार के लागत से खुलने से आसपास के ग्राम के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगा और हर सुविधा का लाभ आंगनबाड़ी केंद्र के महिलाओं



बन कर तैयार हुआ नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का शनिवार को मुख्य अतिथि सांसद पकौड़ी लाल कोल व मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार सिलापट का अनावरण कर शुभारंभ किया। वही मुख्य अतिथि सांसद पकौड़ी लाल कोल ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिसके तहत आंगनबाड़ी बहनों द्वारा गांव स्तर पर लोगों के बीच पहुंचकर योजनाओं को धरातल पर लाने का कार्य किया जाता है जिसमें कई योजनाएं समाहित होती हैं सरकारी योजनाओं के साथ कई प्रचार प्रसार की योजनाएं भी सम्मिलित होती हैं जिससे कि आम जनमानस को जागरूक किया जाता है और एक मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जाता है आज इस आंगनवाड़ी केंद्र के द्वारा उन तक समय अनुसार पहुंचेगी जिसको लेकर आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ किया गया वहीं मुख्य विकास अधिकारी सौरव गंगवार ने शिलापट्ट का अनावरण कर बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र का भवन निर्माण किया गया जिससे आंगनबाड़ी महिलाओं द्वारा लोगों के बीच सुविधाओं का लाभ पहुंचा सकेंगे और उनके भी सामानों के रखरखाव केंद्रित स्थान होने पर काफी सुविधाओं से लोगों को सहूलियत मिलेगी इस मौके पर ग्राम प्रधान विजय बहादुर सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी पार्थ राज सिंह, मनोज कुमार दुबे,एडीओ पंचायत अजय सिंह रोहित पटेल अनिरुद्ध विभूति नारायण सावित्री प्रजापति सविता सिंह सरिता देवी प्रदीप सुमित अन्य ग्रामीण शामिल है।

# विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ काशी प्रांत की दो दिवसीय बैठक

उपरोक्त विचार विधि प्रकोष्ठ विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संयोजक माननीय बृजेंद्र जी ने माघ मेला क्षेत्र में परेड ग्राउंड स्थित विश्व हिंदू परिषद के शिविर में दो दिवसीय विश्व हिंदू परिषद विधि प्रकोष्ठ के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहीं,उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से इसाई एवं इस्लाम चरमपंथियों द्वारा हिंदुस्तान में दलित, आदिवासियों एवं पिछड़े वर्गों में लव जिहाद, धर्मांतरण, भूमि जिहाद, व्यवसाय जिहाद, गौ रक्षा, मंदिर मुक्ति विषयों पर लगातार कट्टरपंथियों द्वारा संयोजित तरीके से प्रहार किया जा रहा है उसे रोकने के लिए अधिवक्ता समूह ही है जो की विधिक एवं संगठित तरीकों से उन्हें नियंत्रित कर सकता है। इसके लिए हमें तहसील, जिला एवं उच्च न्यायालय स्तर पर अधिवक्ताओं की सशक्त कमेटियों का गठन एवं विस्तार शीघ्रता से करना होगा। इसके लिए क्षेत्र के संयोजक अरविंद मिश्रा जी ने कहा कि 15 दिनों के अंदर सभी तहसीलों में टीम का गठन जिसमें सर्व समाज की सहभागिता सुनिश्चित हो और जिला एवं प्रांत कमेटियों द्वारा 15 दिन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा उसकी नियमित मॉनिटरिंग आवश्यक है और आगामी तीन माह में प्रयागराज या काशी प्रांत की बैठक का आयोजन कर उसमें सभी तहसीलों एवं जिला कमेटियों से भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

# क्रिकेट जगत में फैली शोक की लहर दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी और कोच का 77 की उम्र में हुआ निधन


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी और कोच माइक प्रोक्टर का 77 की उम्र में निधन हो गया। प्रोक्टर के निधन से क्रिकेट जगत में शोक की लहर फैल गई है। माइक प्रोक?टर दक्षिण अफ्रीका के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में से एक थे। प्रोक्टर अलगाव के बाद के युग हालत में सुधार नहीं हो सका और उनका निधन हो गया। माइक प्रोक्टर ने सात टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया।दमाइक प्रोक्टर का फर्स्ट क्लास क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्होंने 401 फर्स्ट क्लास मैचों में 21,936 रन बनाए और 1,417 विकेट लिए। जानकारी मिली



में दक्षिण अफ्रीका के पहले कोच थे।दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी और कोच माइक प्रोक्टर का 77 की उम्र में निधन हो गया। प्रोक्टर को दिल का दौरा पड़ा था जिसके बाद उनकी सर्जरी हुई थी। हालांकि सर्जरी के दौरान कुछ दिक्कत हुई और प्रोक?टर को आईसीयू में भर्ती कराया गया। माइक प्रोक?टर की है कि 77 साल के प्रोक्टर को दिल का दौरा पड़ा था, जिसके लिए उनकी सर्जरी कराई गई थी। सर्जरी के दौरान कुछ दिक्कत हुई, जिसके बाद प्रोक्टर को आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा।माइक प्रोक्टर की पत्नी मरायना ने दक्षिण अफ्रीकी वेबसाइट न्यूज24 को बताया, ''माइक प्रोक्टर को दिल का दौरा पड़ा था, जिसके लिए सर्जरी कराई थी। सर्जरी के दौरान प्रोक?टर को कुछ दिक?कतों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण आईसीयू में भर्ती किया गया। वो बेसुध हुए और दुर्भाग्यवश दोबारा आंख नहीं खोली।''माइक प्रोक्टर का अंतरराष्ट्रीय करियर तीन साल (1967-1970) का रहा। इस दौरान उन्होंने सात टेस्ट मैच खेले और इसमें से छह में जीते। क्रिकेट जगत में अपनी गेंदबाजी शैली के लिए लोकप्रिय प्रोक्टर ने फैंस को प्रभावित किया जब 15.02 की औसत से 41 विकेट लिए।हालांकि, प्रोक्टर के शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर पर 1970 में ब्रेक लग गया जब रंगभेदी सरकार के कारण दक्षिण अफ्रीका पर प्रतिबंध लगा। इस समय दक्षिण अफ्रीका किसी भी क्रिकेट गतिविधि में शामिल नहीं हो पाया। भले ही प्रोक्टर का अंतरराष्ट्रीय करियर बेहतरीन नहीं रहा हो, लेकिन उनके फर्स्?ट क?लास नंबर बेहतरीन रहे हैं।माइक प्रोक्टर ने 16 साल फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेला। इसमें 14 सीजन इंग्लिश काउंटी के रहे। ग्लोसेस्टरशायर टीम की उन्?होंने पांच साल कप्तानी भी की।

# रविचंद्रन अश्विन राजकोट में दोबारा भारतीय टीम से जुड़े, बीसीसीआई ने दिया बड़ा अपडेट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने रविवार को पुष्टि की है कि ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन राजकोट में शेष टेस्ट के लिए भारतीय टीम से दोबारा जुड़ अश्विन ने राजकोट टेस्ट के दूसरे दिन जैक क्रॉली को आउट करके अपना 500वां शिकार किया था।बता दें कि अश्विन शुक्रवार को टेस्ट बीच में ही छोड़कर अपने घर लौट गए थे। अश्विन ने



गए हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच रविवार को राजकोट टेस्ट के चौथे दिन का खेल जारी है।भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शुक्रवार को पारिवारिक आपातकाल स्थिति में घर रवाना हुए थे। अश्विन रविवार को राजकोट में दोबारा भारतीय टीम से जुड़े। बीसीसीआई ने पुष्टि की है कि अश्विन टेस्ट के आखिरी दो दिनों में खेलेंगे। रविचंद्रन पारिवारिक मेडिकल आपातकाल स्थिति के कारण टेस्ट बीच में ही छोड़ने का फैसला किया था।ध्यान हो कि रविवार की सुबह कुलदीप यादव ने प्रसारणकर्ता से कहा था कि उन्हें रविचंद्रन अश्विन के लौटने की खबर है। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बताया था कि राजकोट टेस्ट के दूसरे दिन के खेल के बाद अश्विन को घर रवाना होना पड़ा था।

# शादाब खान की टीम ने जीत के साथ किया टूर्नामेंट का आगाज लाहौर कलंदर्स को 8 विकेट से दी मात

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान सुपर लीग 2024 का आगाज 17 फरवरी



2024 से हुआ। पीएसएल 2024 के ओपनिंग मैच में इस्लामाबाद यूनाइटेड का सामना लाहौर कलंदर्स से हुआ, जिसमें इस्लामाबाद की टीम को 8 विकेट से जीत मिली। इस्लामाबाद यूनाइटेड ने 10 गेंद शेष रहते हुए 196 रन के लक्ष्य को हासिल किया और जीत के साथ टूर्नामेंट का आगाज किया।पाकिस्तान सुपर लीग 2024 का आगाज 17 फरवरी 2024 से हुआ। पीएसएल 2024 के ओपनिंग मैच में इस्लामाबाद यूनाइटेड का सामना लाहौर कलंदर्स से हुआ जिसमें इस्लामाबाद की टीम को 8 विकेट से जीत मिली। इस्लामाबाद यूनाइटेड ने 10 गेंद शेष रहते हुए 196 रन के लक्ष्य को हासिल किया और जीत के साथ इस्थ् के टूर्नामेंट का आगाज किया।पहले बैटिंग करते हुए लाहौर कलंदर्स ने 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाए। टीम की तरफ से साहिबजादा फरहान ने 36 गेंदों पर 57 रन की पारी खेली, जिसमें 8 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। फखर जमान ने 13 गेंदों पर 13 रन बनाए। रासी वान दस दुसें ने 41 गेंदों पर 71 रन की नाबाद पारी खेली। अब्दुल्लाह शफीक ने 28 रन बनाए। वहीं, इस्लामाबाद यूनाइटेड टीम की तरफ से गेंदबाजी करते हुए टिमल मिल्स ने 2 विकेट और नसीम शाह और शादाब खान को 1-1 विकेट मिला।196 रन का पीछा करते हुए इस्लामाबाद यूनाइटेड ने शादाब खान (74) और अगा सलमान (64) रन की नाबाद पारी के दम पर 2 विकेट के नुकसान पर 10 गेंद पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया। शादाब खान ने 41 गेंदों पर 74 रन की पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 5 छक्के शामिल हे। अगा ने 31 गेंदों पर 64 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 206 का रहा।

# शार्दुल ने झटके 10 विकेट; मुंबई ने असम को रौंदकर हासिल की विशाल जीत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी 2024 में मुंबई टीम शानदार फॉर्म में है। अंजिक्य रहाणे की कप्तानी में 121 रन से पहली पारी में 272 रन बनाए।रणजी ट्रॉफी 2024 में मुंबई टीम शानदार फॉर्म में है। अंजिक्य रहाणे की कप्तानी में



मुंबई टीम ने शनिवार को असम को पारी और 80 रन से रौंदकर टूर्नामेंट में अपनी पांचवीं जीत हासिल की। मुकाबला दो दिन में खत्म हो गया। मैच में शार्दुल ठाकुर ने पहली पारी में 21 रन देकर 6 विकेट, जबकि दूसरी पारी में 4 विकेट झटके। मुंबई की टीम की तरफ से शिवम दुबे के नाबाद मुंबई टीम ने शनिवार को असम को पारी और 80 रन से रौंदकर टूर्नामेंट में अपनी पांचवीं जीत हासिल की। मुकाबला दो दिन में खत्म हो गया। मैच में शार्दुल ठाकुर ने पहली पारी में 21 रन देकर 6 विकेट जबकि दूसरी पारी में 4 विकेट झटके।

# ऑस्ट्रेलिया के सामने फिसड्डी निकली दक्षिण अफ्रीका, एक पारी के अंतर से विशाल शिकस्त झेली

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने शनिवार को दक्षिण दूसरी पारी 215 रन पर ऑलआउट हुई। ऑस्ट्रेलिया की जीत की हीरो एनाबेल सदरलैंड



अफ्रीका को एकमात्र टेस्?ट में एक पारी और 284 रन के विशाल अंतर से मात दी। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 76 रन के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी 575/9 के स्?कोर पर घोषित की।ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने दक्षिण अफ्रीका को पर्थ में खेले गए एकमात्र टेस्ट में एक पारी और 284 रन के विशाल अंतर से मात दी। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 76 रन के जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी 575/9 के स्कोर पर घोषित की। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की रही इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 499 रन की बढ़त हासिल की। प्रोटियाज टीम दूसरी पारी में 215 रन बनाकर ऑलआउट हुई। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड (210 रन और पांच विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। बेथ मुनी को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे दिन अपनी पारी 67/3 के स्कोर से आगे बढ़ाई। ताजमिन ब्रिट्स (31) ने डेलमी टकर (64) के साथ मिलकर टीम को 100 रन के पार पहुंचाया।

# जॉनी बेयरस्टो पर लग गया 'धब्बा' अब इस अनचाहे रिकॉर्ड का दाग हटाना होगा बेहद मुश्किल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो शनिवार को भारत के खिलाफ राजकोट टेस्ट के तीसरे वाले बल्लेबाज बन गए हैं। बेयरस्टो को कुलदीप यादव ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। बेयरस्टो ने दानिश कनेरिया और



दिन बिना खाता खोले आउट हो गए। कुलदीप यादव ने एलबीडब्ल्यू करके बेयरस्टो की पारी का अंत किया। शून्य पर आउट होते हुए जॉनी बेयरस्टो के नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया।इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो राजकोट टेस्ट के तीसरे दिन बिना खाता खोले पवेलियन लौटे और अपने नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज करा लिया। जॉनी बेयरस्टो भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने नाथन लियोन को पीछे छोड़ा।जॉनी बेयरस्टो भारत के खिलाफ टेस्ट में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। यह आठवां मौका रहा, जब बेयरस्टो भारत के खिलाफ बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। बेयरस्टो से पहले पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया और ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन के नाम यह शर्मनाक रिकॉर्ड संयुक्त रूप से दर्ज था।

# फाइनल मैच में सैम बिलिंग्स की टीम को मिली हार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** एमआई एमिरेट्स ने आईएलटी20 के दूसरे संस्करण का खिताब जीत लिया है। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में एमआई खिताब जीत लिया। दुबई कैपिटल्स को फाइनल मैच में एमआई एमिरेट्स ने 45 रन से हराया और एमआई एमिरेट्स की टीम चैंपियन बनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एमआई की टीम ने 20 ओवर में 3 विकेट



एमिरेट्स ने दुबई कैपिटल्स को 45 रन से हराया और खिताब अपने नाम किया। दुबई कैपिटल्स ने लगातार चार मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया था और खिताबी मुकाबले में दुबई टीम का प्रदर्शन शानदार रहा।एमआई एमिरेट्स ने आईएलटी20 के दूसरे संस्करण का खिताब जीत लिया है। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में एमआई एमिरेट्स ने दुबई कैपिटल्स को 45 रन से हराया और खिताब अपने नाम किया। दुबई कैपिटल्स ने लगातार चार मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया था और खिताबी मुकाबले में दुबई कैपिटल्स की टीम को हार झेलनी पड़ी।एमआई एमिरेट्स ने दुबई कैपिटल्स को 2024 के फाइनल मैच में यूएई की इंटरनेशनल लीग टी20 का दूसरा के नुकसान पर 208 रन बनाए। वसीम के बल्ले से 43 रन निकले। कुसल परेरा ने 38 रन की पारी खेली। आंद्र फ्लेचर ने 53 रन बनाए। कप्तान निकोलस पूरन के बल्ले से नाबाद 57 रन निकले। इस तरह एमआई एमिरेट्स ने 3 विकेट के नुकसान पर 208 रन का स्कोर खड़ा किया।इसके जवाब में दुबई कैपिटल्स की टीम 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 163 रन ही बना सकी। लॉय ड्रुप्रॉय बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटे। टॉम बैंटन ने 35 रन की पारी खेली । सैम बिलिंग्स के बल्ले से 40 रन निकले। उनके अलावा होल्डर ने 24 रन की पारी खेली। एमआई एमिरेट्स की तरफ से ट्रेंट बोल्ट और विजयकांत ने 2-2 विकेट लिए, जबकि हुसैन-मुहम्मद रोहिद और वकार को 1-1 सफलता मिली।

# दिनेश कार्तिक को लेकर दिया ऐसा बयान कि हर किसी की छूट गई हंसी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच राजकोट में खेला जा रहा है। तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन के खेल में भारत की तरफ से मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी की। तीसरे दिन इंग्लैंड की पारी को 319 रन के स्कोर पर रोकने में सिराज का अहम योगदान रहा। भारत ने पहली पारी के आधार पर 126 रन की बढ़त हासिल की।भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने तीसरे दिन के खेल क बाद कहा कि बेन डकेट के साथ जो रूट साझेदारी बढ़ रही थी अगर वह थोड़ा और खेलते तो हमारे लिए मुश्किल हो जाती। लेकिन अचानक उन्होंने उस तरह का शॉट खेला जो वह नहीं खेलते है। यह हालांकि हमारे लिए फायदेमंद रहा और हम मैच में



वापसी करने में सफल रहे।इसके बाद दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल के 104 शतक और गिल के अर्धशतक (65) रन की नाबाद पारी के दम पर भारत ने 196 रन बनाए। इस दौरान भारत के पास 322 रन की बढ़त बनी। सिराज ने दिन का खेल खत्म होने के बाद कमेंटेटर्स से बातचीत करते हुए भारत की प्लानिंग का खुलासा किया। सिराज ने दिनेश कार्तिक से भी हंसी-मजाक किया और एक ऐसा बयान दिया, जिसके बाद हर कोई हंसने लगा। आइए जानते हैं सिराज ने क्या कहा दरअसल, भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने तीसरे दिन के खेल क बाद कहा कि बेन डकेट के साथ जो रूट साझेदारी बढ़ रही थी, अगर वह थोड़ा और खेलते तो हमारे लिए मुश्किल हो जाती। लेकिन अचानक उन्होंने उस तरह का शॉट खेला जो वह नहीं खेलते है। यह हालांकि हमारे लिए फायदेमंद रहा और हम मैच में वापसी करने में सफल रहे।मोहम्मद सिराज से दिनेश कार्तिक ने पूछा कि दूसरे टेस्ट में वह नहीं खेले थे तो उन्होंने क्या किया। सिराज ने कहा कि कुछ नहीं परिवार के साथ था। एंजॉय किया।

# बैजबॉल' अंदाज में ठोक डाला तूफानी शतक

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के अनुभवी बैटर चेतेश्वर पुजारा ने रणजी ट्रॉफी 2024 में सौराष्ट्र टीम की तरफ से खेलते हुए तूफानी शतक जमाया। 17 फरवरी को राजकोट में खेले जा रहे रणजी मैच में मणिपुर के खिलाफ फर्स्ट क्लास करियर का 63वां शतक जमाया।चेतेश्वर पुजारा ने मणिपुर के खिलाफ मैच में शानदार शतक जमाया। उन्होंने 102 गेंदों पर शतक पूरा किया। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पुजारा ने 63वां शतक जड़ा। पुजारा ने अपनी पारी के बाद आलोचकों के मुंह पर जोरदार तमाचा जड़ा। पुजारा की इस पारी में 12 चौके और एक सिक्स शामिल रहा। रणजी ट्रॉफी 2024 में यह पुजारा के बल्ले से तीसरा शतक निकला।उन्होंने अपने तूफानी शतक से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। जहां इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम तीसरा टेस्ट राजकोट में खेल रही है, जिसके तीसरे दिन के खेल में यशस्वी जायसवाल ने बल्ले से कमाल किया और तूफानी शतक जमाया। तो वहीं, निरंजन शाह स्टेडियम के कुछ किलोमिटर दूर सानोसारा क्रिकेट ग्राउंड में पुजारा ने शानदार प्रदर्शन कर महफिल लूटी।दरअसल, चेतेश्वर पुजारा ने मणिपुर के खिलाफ मैच में शानदार शतक जमाया। उन्होंने 102 गेंदों पर शतक पूरा किया। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पुजारा ने 63वां शतक जड़ा। पुजारा ने अपनी पारी के बाद आलोचकों के मुंह पर जोरदार तमाचा जड़ा। पुजारा की इस पारी में 12 चौके और एक सिक्स शामिल रहा। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 102 का रहा। रणजी ट्रॉफी 2024 में यह पुजारा के बल्ले से तीसरा शतक निकला। उन्होंने झारखंड के खिलाफ दोहरा शतक जमाया था और राजस्थान के खिलाफ 110 रन की पारी खेली थी।मणिपुर को पहली पारी में 142 रन पर ढेर करने के बाद सौराष्ट्र ने अपनी पहली पारी 6 विकेट पर 529 रन पर घोषित की। सौराष्ट्र की तरफ से पहली पारी में पुजारा सहित कप्तान अर्पित वासावादा और प्रेरक मांकड़ ने शतकीय पारी खेली। अर्पित 197 गेंदों पर 148 रन बनाए। प्रेरक ने 173 रन ठोके। दूसरी पारी में मणिपुर की हालत खराब है। दूसरी पारी में उन्होंने 55 रन पर 3 विकेट गंवा दिए।विश्व टेस्ट चैंपिनशिप 2023 (ऊण) के फाइनल के बाद से पुजारा भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं।



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

रिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# तेज खेलने के चक्कर में खराब शॉट खेलकर हो रहे आउट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज जो रूट जसप्रीत बुमराह की गेंद पर रिवर्स स्कूप खेलकर आउट हुए। रूट जिस शैली में खेलते हैं, उनसे ऐसे अजीबोगरीब शाट की उम्मीद नहीं की जाती। टेस्ट क्रिकेट के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज भारत दौरे पर अब तक बड़ी पारी खेलने में विफल रहे हैं। रूट अब तक पांच पारियों में 29, 2, 5, 16 और 18 रन ही बना पाए हैं।राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज जो रूट जसप्रीत बुमराह की गेंद पर रिवर्स स्कूप खेलकर आउट हुए। रूट जिस शैली में खेलते हैं उनसे ऐसे अजीबोगरीब शाट की उम्मीद नहीं की जाती। टेस्ट क्रिकेट के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज भारत दौरे पर अब तक बड़ी पारी खेलने में विफल रहे हैं। रूट अब तक पांच पारियों में 29 2 5 16 और 18 रन ही बना पाए हैं।दरअसल इंग्लैंड की 'बैजबाल' शैली में ढलने का दबाव उनकी बल्लेबाजी में साफ दिखाई दे रहा है और लगता है कि वह अपना स्वाभाविक खेल से दूर होते जा रहे हैं। राजकोट से पहले विशाखापत्तनम की दूसरी पारी में भी रूट ऐसा ही लापरवाही भरा




शाट खेलकर आउट हुए थे। तब उन्होंने अश्विन को आगे निकलकर मिड विकेट और मिड आन के ऊपर से शाट लगाना चाहते थे, लेकिन गेंद बल्ले का किनारा लेकर सीधा अक्षर पटेल के हाथों में चली गई थी।रूट से जो शाट मारा, वो लगा ही नहीं कि ये शाट टेस्ट में 11 हजार रन बनाने वाले किसी बल्लेबाज ने मारा था। रूट की बल्लेबाजी की अब उनके देश में ही आलोचना हो रही है। द टेलीग्राफ ने लिखा, जो रूट राजकोट में जिस तरह का शाट खेलकर आउट हुए वह इंग्लैंड क्रिकेट के इतिहास में सबसे बेवकूफी भरा शाट था। भारतीय टीम इंग्लैंड के विरुद्ध दूसरी पारी में जितने भी रन बनाएगी वह ना सिर्फ इंग्लैंड को हार की तरफ धकेलेगी बल्कि जो रूट को हर एक रन चुभेगा। क्योंकि उसे पता था कि अगर वह अपना विकेट नहीं गंवाता तो इंग्लैंड की इतनी बुरी हालत नहीं होती।वहीं, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वान भी रूट के इस तरह विकेट फेंकने से नाखुश दिखे। उन्होंने कहा, जो को अपना विकेट इस तरह से भारत को उपहार में नहीं देना चाहिए था। जब टीम को आपकी सबसे ज्यादा आवश्यकता थी। ये पहली बार नहीं है जब वान ने रूट की बल्लेबाजी पर सवाल उठाया है। इससे पहले, उन्होंने कहा था कि अगर इंग्लैंड को भारत में सीरीज जीतनी है तो जो रूट को बैजबाल खेलना छोड़ना होगा। टीम प्रबंधन को उनसे बात करनी चाहिए और उन्हें उनका नैसर्गिक खेल खेलने को कहना चाहिए। वहीं एलिस्टर कुक भी रूट के बैजबाल खेलने की आलोचना कर चुके हैं।

# सम्पादकीय

## क्या महर्षि अगस्त्य और वशिष्ठ भाई थे जानिए क्या कहते हैं धर्मशास्त्र

वशिष्ठ के शापवश मृत्यु को प्राप्त होने से पहले निमि ने भी उन्हें शाप दिया-'महर्षि! मैं निर्दोष हूं, फिर भी आपने मुझे शाप दिया। मैं भी आपको शाप देता हूं कि मेरी मृत्यु के तुरंत बाद आपकी भी मृत्यु हो जाएगी।'इक्ष्वाकु कुल में एक राजा हुए जिनका नाम था निमि। निमि सिद्ध तपस्वी भी थे। एक बार निमि ने एक यज्ञ कराने के लिए महर्षि वशिष्ठ से सहायता मांगी। संयोग से वशिष्ठ देवराज इंद्र का कोई यज्ञ करवाने जाने वाले थे, इसलिए उन्होंने निमि से कहा कि वह इंद्र के यज्ञ से लौटकर निमि का यज्ञ करवाएंगे। निमि को यज्ञ की जल्दी थी, इसलिए उन्होंने ऋषि गौतम के पुत्र शतानंद को बुलवाकर यज्ञ करवा लिया।वशिष्ठ जब देवलोक से लौटे, तो उन्हें निमि के यज्ञ की बात याद थी। वह निमि से मिलने गए, लेकिन पता लगा कि निमि उस समय सो रहे थे। काफी देर प्रतीक्षा करने के बाद भी निमि शयन-कक्ष से बाहर नहीं निकले, तो वशिष्ठ को क्रोध आ गया और उन्होंने निमि को शाप देते हुए कहा, 'निमि! तुमने अभिमानवश मेरा अपमान किया है। मैं तुम्हें शाप देता हूं कि तुम्हारी इसी क्षण मृत्यु हो जाए!'राजा होते हुए भी निमि के पास तप की शक्ति थी। उन्हें भी वशिष्ठ पर क्रोध आ

ब्रह्मलोक पहुंचकर वशिष्ठ ने ब्रह्मा को पूरी घटना सुनाई, तो ब्रह्मा ने वशिष्ठ से कहा : 'ऋषिवर! निमि के शापवश आपकी असमय मृत्यु हुई, परंतु आपको महर्षि अगस्त्य के साथ मिलकर पृथ्वीलोक पर अनेक महत्वपूर्ण कार्य करने हैं। अतः आपका पुनर्जन्म होगा।'परंतु वशिष्ठ को चिंता थी कि नारी के गर्भ से जन्म लेने पर पूर्वजन्म में अर्जित समस्त ज्ञान विस्मृत हो जाएगा और उनकी आध्यात्मिक शक्तियां भी लुप्त हो जाएंगी। तब ब्रह्मा ने वशिष्ठ को आश्वासन देते हुए कहा : 'महर्षि! आप चिंता न करें। मैं वचन देता हूं कि आपका जन्म नारी के गर्भ से नहीं होगा। मैं आपके और महर्षि अगस्त्य के जन्म का विशेष प्रबंध कर रहा हूं।'इस बीच, कश्यप और अदिति के बारह आदित्य-पुत्रों में से दो-मित्र और वरुण- ध्यान में लीन बैठे थे। तभी वहां से ब्रह्मा की प्रेरणा से उर्वशी नामक अप्सरा टहलती हुई निकली, जिसे देखकर मित्र-वरुण मुग्ध हो गए। उर्वशी का सौंदर्य इतना विलक्षण और अप्रतिम था कि मित्र स्वयं को रोक नहीं पाए और वह उर्वशी के पास प्रेम-प्रस्ताव लेकर पहुंच गया। परंतु उर्वशी को मित्र की अपेक्षा वरुण अधिक पसंद था, इसलिए उसने मित्र का प्रस्ताव

गया। वशिष्ठ के शापवश मृत्यु को प्राप्त होने से पहले निमि ने भी उन्हें शाप दिया : 'महर्षि! मैं सो रहा था, इसलिए आपसे मिलने में विलंब हुआ। मैं निर्दोष हूं, फिर भी आपने मुझे शाप दिया। इसलिए मैं भी आपको शाप देता हूं कि मेरी मृत्यु के तुरंत बाद आपकी भी मृत्यु हो जाएगी!' वशिष्ठ को शाप देने के बाद निमि की मृत्यु हो गई। और कुछ देर के बाद ही निमि के शाप के प्रभाव से वशिष्ठ ने भी अपने शरीर का त्याग किया।

अस्वीकार कर दिया। परंतु इतनी देर में मित्र की उत्तेजना अपने चरम पर पहुंच चुकी थी और उसका 'तेजस' स्खलित होकर नीचे रखे एक कुंभ (घड़े) में जा गिरा। योजना भगवान ब्रह्मा की बनाई हुई थी, इसलिए उसमें चूक की कोई भी संभावना नहीं थी।इधर अप्सरा उर्वशी, वरुण के पास चली गई। परंतु वरुण की निष्ठा मित्र के साथ थी। वरुण ने उर्वशी का प्रेम-प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया।

## बेमतलब है ऐसा विरोध, श्वेत और काले पत्रों पर सार्थक बहस जरूरी


श्वेत पत्र दिखाकर यूपीए के शासनकाल में किए गए कार्यों को खारिज कर देना सही नहीं होगा। कुछ काम एनडीए ने अच्छे किए हैं, तो कुछ यूपीए ने भी किए थे। केवल विरोध की राजनीति के बजाय श्वेत और काले पत्रों पर बहस होना ज्यादा सार्थक होगा।कभी-कभी पागलपन में भी एक पैटर्न दिखता है। आम चुनाव से ठीक पहले अपना आखिरी बजट पेश करने वाली सरकार ने अगले वित्त वर्ष की अप्रैल से जुलाई तक के लिए लेखानुदान के साथ अंतरिम बजट पेश किया। वित्तमंत्री का भाषण सरकार के पिछले रिकॉर्ड पर नजर रखने और भविष्य के लिए रास्ता तय करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। वित्तमंत्री सीतारमण ने कुछ हद तक दोनों काम किए। लेकिन उनका बजट आठ फरवरी, 2024 को कांग्रेस द्वारा जारी काले पत्र और सरकार द्वारा जारी श्वेत पत्र से बर्बाद हो गया। उम्मीद थी कि भाजपा के दस साल के शासन के अंत में श्वेत पत्र उसके कार्यकाल पर होगा, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से यह वर्ष 2004 से 2014 के बीच के यूपीए के कार्यकाल पर था। इस श्वेत पत्र का उद्देश्य उन दस वर्षों को एक ही रंग 'काले' में रंगना था, लेकिन इसने यूपीए की उपब्धियों को भी चर्चा में ला दिया। अनिवार्य रूप से यूपीए और एनडीए की तुलना होने लगी। ऐसी किसी भी तुलना में कुछ मानदंडों पर यूपीए का एनडीए से बेहतर होना एकदम तय है। इसी वजह से मैंने कहा कि यह पागलपन ही है, लेकिन राजनीतिक के चतुर-सयाने इसका अपने पक्ष में इस्तेमाल करना जानते हैं।एक आंकड़ा, जिस पर सभी का ध्यान गया, वह था स्थिर कीमतों पर औसत सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर। यूपीए ने इस मामले में बड़ी सफलता हासिल की। पुराने आधार वर्ष 2004-05 के अनुसार, दस वर्षों में औसत जीडीपी वृद्धि दर 7.5 फीसदी थी। वर्ष 2015 में भाजपा सरकार ने यूपीए की उपलब्धि को धूमिल करने के लिए आधार वर्ष को बदलकर 2011-12 कर दिया, फिर भी औसत विकास दर 6.7 फीसदी थी। इसकी तुलना में एनडीए के कार्यकाल के दस वर्षों में औसत विकास दर 5.9 फीसदी रही। यह फर्क कोई छोटा नहीं है। दस वर्षों की अवधि में प्रति वर्ष 1.6 फीसदी (या 0.8 फीसदी) का फर्क सकल घरेलू उत्पाद के आकार, प्रति व्यक्ति आय, वस्तु और सेवाओं की मात्रा, निर्यात की मात्रा/मूल्य, राजकोषीय एवं राजस्व घाटा एवं अन्य मानदंडों पर काफी बड़ा प्रभाव डालता है। एक चीज ने दूसरी चीजों को जन्म दिया और तुलना का खेल शुरू हो गया। कृपया इस सारणी को देखिए-कई पैमानों पर एनडीए का प्रदर्शन खराब रहा। मेरे विचार से सबसे नुकसानदायक बिंदु, जिन्होंने एनडीए की गलत नीतियों और अर्थव्यवस्था के कुप्रबंधन को उजागर किया, उनमें कुल राष्ट्रीय ऋण, घरेलू बचत में कमी, बैंक कर्जे की माफी में उछाल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च वाले केंद्र सरकार के कर्मचारियों की संख्या में गिरावट शामिल हैं। बेशक कुछ पैमाने हैं, जिन पर एनडीए का प्रदर्शन बेहतर था।सरकार का श्वेत पत्र दरअसल एक सफेद झूठ था। इसने यूपीए सरकार की कई उपलब्धियों को धुंधला कर दिया और एनडीए सरकार की बड़ी विफलताओं (नोटबंदी और सूक्ष्म एवं लघु क्षेत्र के विनाश सहित) को छिपा दिया। श्वेत पत्र को सफेद झूठ पत्र कहा जाए, तो हैरत नहीं। श्वेत पत्र खासकर यह स्वीकारने में विफल रहा कि जन-धन (पहले नो फ्रिल एकाउंट), आधार और मोबाइल क्रांति का विचार और उत्पत्ति यूपीए सरकार की देन है।यूपीए के कथित कुप्रबंधन की अवधि (जैसा कि श्वेत पत्र में सारणियों और ग्राफ में देखा जा सकता है) मुख्यतः 2008 से 2012 थी। वर्ष 2008 के मध्य सितंबर में वित्तीय सुनामी के कारण अंतरराष्ट्रीय वित्त बाजार ध्वस्त हो गया था, जिसने हर देश को तबाह कर दिया। सभी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा अपनाई गई 'मात्रात्मक सुगमता' की नीति के हिस्से के रूप में भारी उधार लेने और खर्च करने से मुद्रास्फीति बढ़ गई। जनवरी, 2009 से जुलाई, 2012 तक प्रणब मुखर्जी वित्तमंत्री थे, जो मुद्रास्फीति और राजकोषीय घाटे का चरम दौर था। मुखर्जी के बचाव में मैं कहना चाहूंगा कि उन्होंने प्रचलित बुद्धिमत्ता का पालन किया और विकास एवं रोजगार को समर्थन दिया, लेकिन उसकी कीमत मुद्रास्फीति एवं राजकोषीय घाटे के रूप में चुकानी पड़ी।कांग्रेस द्वारा जारी काला पत्र भी एकतरफा था। स्वभाविक रूप से इसमें कृषि क्षेत्र में गंभीर संकट, लगातार उच्च मुद्रास्फीति, बेरोजगारी की अप्रत्याशित दर, और भाई-भतीजावाद जैसे खंड शामिल थे। अन्य खंडों में जांच एजेंसियों को हथियार बनाने, संस्थानों के विनाश, भारतीय क्षेत्र में चीनी घुसपैठ और मणिपुर संकट शामिल थे। जैसा इसका नाम था, यह वाकई एनडीए के लिए एक काला पत्र ही था।श्वेत और काला, दोनों पत्रों के उद्देश्य आर्थिक के बजाय राजनीतिक ज्यादा थे। हालांकि इसके आर्थिक पहलू ज्यादा स्पष्ट थे। दोनों पत्रों में जिन मुद्दों का उल्लेख था, उन पर पिछले दस साल में संसद के दोनों सदनों में बहस होनी चाहिए थी। लेकिन यह नहीं हो सकता क्योंकि सरकार महत्वपूर्ण मुद्दों पर बहस की अनुमति कभी नहीं देगी। लेकिन चुनावी माहौल में इन दोनों पत्रों ने बहस की गुंजाइश जरूर पैदा की है। बाकी समय ही बताएगा कि चुनावों के नतीजे सार्थक बहसों से या फिर पैसा, धर्म, नफरती भाषण और सत्ता के दुरुपयोग से निर्धारित होंगे ?






## अतीत में गुम रास्ता जहां कभी होता था भारतीय कारोबारियों का राज

बाकू और अस्त्राखान के व्यापारी आपको बताएंगे कि भारतीय व्यापारी सभी तरह के सामानों की बिक्री के अलावा पैसे उधार देने, बिल डिस्काउंटिंग और बैंकिंग सेवाएं भी देते थे। अस्त्राखान में रहने वाले भारतीयों की आपूर्ति ईरान और अफगानिस्तान से होती थी और उनका अग्रिम व्यापार नेटवर्क मास्को या निजनिनी नोवोगोरोड में खत्म होता था।यह बात जून 2022 की है। तब स्वेज वाले समुद्री व्यापारिक रास्ते पर कोई कहर नहीं बरपा था। मध्य-पूर्व में सब कुछ हस्बमामूल था, अलबत्ता काला सागर में बम-बारूद बरस रहा था। रूस के काला सागर तटीय पड़ोसियों के लिए भूमध्य सागर के कारोबारी रास्ते तक पहुंच कर एशिया और अफ्रीका की तरफ निकलना बेहद कठिन हो गया था। नए व्यापारिक रास्तों के मानचित्रों पर लाइनें खींची जाने लगी थीं। इस बीच एक कंटेनर रूस के सुदूर उत्तर में सेंट पीटर्सबर्ग से चला, जो बाल्टिक सागर के तट पर स्थित है। इसका सफर था धुर दक्षिण की ओर। रूस के पश्चिमी हिस्से से दो हजार किलोमीटर की सड़क यात्रा करके यह कंटेनर पहुंचा कैस्पियन सागर के तट पर स्थित अस्त्राखान। यहां से ईरान के अंजाली बंदरगाह आया। ईरान के बीचों-बीच से जाने वाले पशिन्यन राजमार्ग से 1,800 किलोमीटर की यात्रा कर यह पहुंचा ओमान की खाड़ी में मौजूद बंदरगाह बंदर अब्बास पर, जहां से इसे मुंबई भेज दिया गया। किसे पता था कि एक साल बाद ही युद्ध और हमलों के तूफान से स्वेज का रास्ता बंद हो जाएगा और इस रास्ते की संभावनाओं को करीब से देखना होगा। इस मल्टीमोडल यानी सड़क, रेल और समुद्री परिवहन वाले ट्रेड कॉरिडोर को रूस और भारत के बीच एक नए व्यापार मार्ग की शुरुआत कहा गया।मगर क्या सच में यह नया व्यापार मार्ग था या दुनिया के सबसे पुराने व्यापार कॉरिडोर की नई शुरुआत भर थी?तो आइए, बैठिए टाइम मशीन में, हम आपको सीधे ले चलते हैं अस्त्राखान और फिर बाकू। 16वीं-17वीं सदी के जगमगाते इतिहास वाले ये शहर उसी व्यापार मार्ग पर स्थित थे, जिसे स्वेज के बजाय वैकल्पिक रास्ते के तौर खोला जा रहा है।अस्त्राखान और बाकू शहरों पर भारतीय कारोबारियों का राज चलता था, जो अपनी ताकत से रूस के जार को प्रभावित करते थे। इस सफर में आप मिलेंगे अस्त्राखान के शाह यानी भारत के ऐसे व्यापारियों से, जिनका रूस से लेकर ईरान तक सिक्का चलता था। बाल्टिक सागर के किनारे सेंट पीटर्सबर्ग से चला यह कंटेनर जिस रास्ते से कैस्पियन सागर के तट पर अस्त्राखान पहुंचा था, वह प्राचीन वोल्गा कैस्पियन मार्ग था, जो उप-मार्गों के जरिये सिल्क रूट से जुड़ जाता था। नौवीं शताब्दी में इसी रास्ते से नॉर्वे के वाइकिंग सिल्क यानी रेशम लेकर अपने देश लौटते थे।ओस्लो विश्वविद्यालय के अध्ययन बताते हैं कि यह चीनी रेशम कांस्टेनोपल यानी आज के इस्तांबुल से खरीदा जाता था। इस शहर को वाइकिंग मिक्लागार्ड कहते थे। सिल्क रोड को जोड़ने वाले रास्तों से चीन का यह रेशम कांस्टेनोपल आता था।टाइम मशीन उड़ान भर चुकी है। अब हम 16वीं-17वीं सदी के बाकू में हैं। आज भी यदि कोई चटगांव (बांग्लादेश) से यात्रा शुरू कर हावड़ा के जरिये गंगा-यमुना दोआब में आए, तो आगे अमृतसर के रास्ते पेशावर-काबुल होते हुए बलख और बुखारा तक पहुंच जाएगा। यही रास्ता आगे कैस्पियन सागर के किनारे बाकू तक जाता है, जहां हम मौजूद हैं और यह सोलहवीं सदी है। बाकू में आपको पगड़ी बांधे मुल्तानी और शिकारपुरी व्यापारी मिल जाएंगे, जो आर्मेनियाई सौदागरों से कारोबार कर रहे हैं। आपको यहां साइबेरियाई तातार दिखेंगे, जो भारत के सफेद कॉटन या लिनेन के लिए मुंहमांगी कीमत दे रहे हैं।और यह क्या? बाकू में आप कुछ देख रहे हैं? एक अनोखी इमारत। यह प्रसिद्ध आतिशगाह है। यह एक मंदिर है, जिसमें आदिग्रंथ (गुरुग्रंथ साहिब) का पाठ, गणेश व देवी की पूजा-अर्चना होती थी।आगे चलते हैं...अब आप अस्त्राखान में है, जहां भारतीय शाह यानी व्यापारियों का जलवा देखते ही बनेगा। मुल्तान के ये व्यापारी रूसी जार तक पहुंच रखते थे। रूसी अभिलेखागार में संरक्षित दस्तावेजों से पता चलता है कि 17वीं सदी में अस्त्राखान में भारत का एक अग्रणी व्यापारी था, जिसका नाम था सुतुर। सुतुर 1620 के दशक में ईरान से अस्त्राखान पहुंचा था। उसके भाई उत्तरी ईरानी शहरों में व्यापार करते थे। सुतुर ने दावा किया कि 1646 में उसके निमंत्रण पर उसके भाई और 25 अन्य भारतीय व्यापारी बहुत से माल के साथ अस्त्राखान पहुंचे और उनमें से कुछ यहीं बस भी गए। सुतुर की पहुंच इतनी ऊंची थी कि उसकी शिकायत पर जार ने व्यापारियों को सताने वाले एक सरकारी अधिकारी को तुरंत पद से हटा दिया। 1647 में सुतुर ने अस्त्राखान में गोस्टनी यानी गेस्ट हाउस बनवाया।यह एक किस्म का आवासीय बाजार था। गोस्टनी गेट के अंदर रहने वाले अमीर भारतीय व्यापारी परंपरागत पूजन और भोजन पद्धतियों का पालन करते थे। तब यहां 26 बड़े भारतीय व्यापारी रह रहे थे, जो इस्फहान और काजविन से सामान लाकर रूस भेजते थे। सुतुर उस दौर का पहला बहुराष्ट्रीय कारोबारी रहा होगा। उसने मास्को में एक कारोबारी प्रतिष्ठान बनवाया, जहां वह खुद तीन साल तक रहा। ईरानी और रूसी अभिलेखों में मुल्तानी शब्द का उल्लेख है। ये संभवतः खत्री, मारवाड़ी व जैन थे, जिनका मूल निवास मुल्तान था और जहां समृद्ध पुरुषों को शाह कहा जाता था। ये कारोबारी सुदूर स्थानों में अपने एजेंट भी नियुक्त करते थे। 17वीं सदी के बाजार से टहलते हुए आपको पता चलेगा कि इस्फहान में 17वीं सदी के मध्य में दस हजार भारतीय स्थायी रूप से बसे हुए थे। इनका व्यापार तब के अफगानिस्तान के सभी शहरों और कस्बों में फैला हुआ था। 1727 में भारतीय व्यापारियों विषनात नरमलदास (विश्वनाथ निर्मलदास), अरदयाल (हरदयाल) व नारायण चंचामल के रूसी शासन के साथ पत्र-व्यवहार के प्रमाण मिलते हैं। उन्होंने अपने कारोबार के बदले रूसी अधिकारियों से रियायत हासिल की थी।सुखानंत दिरिमदास (सुखानंद दिरमदास) भी परंपरागत मुल्तानी शाह थे। वह 17 साल की उम्र में मुल्तान से अस्त्राखान आए। 1759 में 60 साल की उम्र में मास्को में उनकी मौत हुई थी। उनकी संपत्ति का मूल्य तीन लाख रूबल था, जबकि उस वक्त एक संपन्न रूसी व्यापारी के पास बमुश्किल 1,000 रूबल की संपत्ति होती थी। बाकू और अस्त्राखान के व्यापारी आपको बताएंगे कि भारतीय व्यापारी सभी तरह के सामान की बिक्री के अलावा पैसे उधार देने, बिल डिस्काउंटिंग और बैंकिंग सेवाएं भी देते थे। अस्त्राखान में रहने वाले भारतीयों की आपूर्ति ईरान और अफगानिस्तान से होती थी और उनका अग्रिम व्यापार नेटवर्क मास्को या निजनिनी नोवोगोरोड में खत्म होता था। तभी तो 1723 में, अनबू राम मुलिन ने जार पीटर महान से प्रार्थना की कि उसे सेंट पीटर्सबर्ग और आर्कएंजेल में व्यापार करने की छूट दी जाए। मुलिन चाहते थे कि उन्हें रूस के रास्ते एक ओर जर्मनी और दूसरी ओर चीन में व्यापार करने का अधिकार मिल जाए।18वीं सदी के अंत तक रूस के व्यापारी अपने रसूख के इस्तेमाल से भारतीय कारोबारियों को रोकने में लगे थे। इसलिए शायद अनबू राम को जार की मंजूरी नहीं मिली। टाइम मशीन के 21वीं सदी की तरफ बढ़ते हुए 18वीं सदी के मध्य का वह दौर दिखेगा, जब अफगानों के हमले ने ईरान की सफाविद सल्तनत को उखाड़ फेंका। इस्फहान को गिलजाइयों ने लूट लिया। इस उथल-पुथल से अस्त्राखान में भारतीय व्यापारियों की आपूर्ति श्रृंखला खत्म हो गई। अगले दो दशकों में, अस्त्राखान में भारतीय आधे रह गए और शताब्दी के अंत तक लगभग खत्म हो गए।1832 में जब एलेक्जेंडर बर्न्स काबुल आया, तब उसे ऊपरी वोल्गा क्षेत्र के निजनी नोवागोरोड, अस्त्राखान और बुखारा में भारतीय हुंडियों के इस्तेमाल का पता चला था। यह आखिरी बार था, जब हमने अस्त्राखान और रूस के अंदरूनी हिस्सों में पारंपरिक भारतीय व्यापारियों के बारे में सुना। टाइम मशीन अब आज के अस्त्राखान और बाकू के करीब से उड़ान भर रही है। हमें सेंट पीटर्सबर्ग से अस्त्राखान, अंजाली और बंदर अब्बास से मुंबई तक जाता हुआ कंटेनर दिख रहा है। इस रास्ते का नया नाम इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर है। भारत, ईरान और रूस ने वर्ष 2000 में इस संधि पर दस्तखत किए थे। 7,200 किलोमीटर का यह कॉरिडोर भारत, ईरान, अजरबैजान और रूस को जोड़ता है, जो हिंद महासागर, अरब सागर, कैस्पियन और बाल्टिक सागर को जोड़ने वाला सबसे छोटा रास्ता भी है। टाइम मशीन अब मुंबई में उतर रही है, जहां शिपिंग कंपनियां स्वेज के रास्ते के बंद होने की बढ़ती लागत का हिसाब कर रही हैं।



## दिल खोलकर दोस्तों से मिलिए कोई मकसद न हो जिंदगी फिर भी होती है

वयस्कों की मित्रता पर शोध करने वाली बोइस स्टेट यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान की प्रोफेसर जेसिका एयर्स कहती हैं, 'वयस्कों का एक-दूसरे से मिलने का हमेशा एक मकसद होता है।' वह कहती हैं, 'अक्सर हम सोचते हैं कि कोई चीज तभी फायदेमंद है, जब वह उत्पादक हो।पिछले कुछ हफ्तों से मैं एक प्रयोग कर रही हूं। मैं अपने दोस्तों को घर बुलाती हूं, कुछ भी न करने के लिए। मैं उनसे कहती हूं कि अगर वे चाहें तो साथ में चाय पीने आ सकते हैं। जब मेरी कोई दोस्त अपना कुत्ता टहलाती है, तो मैं भी उसके साथ निकल जाती हूं। जब मुझे बाजार से कुछ सामान लेना होता है, तो प्रोफेसर जेसिका एयर्स कहती हैं, 'वयस्कों का एक-दूसरे से मिलने का हमेशा एक मकसद होता है।' वह कहती हैं, 'अक्सर हम सोचते हैं कि कोई चीज तभी फायदेमंद है, जब वह उत्पादक हो। लेकिन किसी के साथ आराम से बैठना और आराम करना भी उत्पादक हो सकता है।' दरअसल, उत्पादक होने की परिभाषा सभी के लिए अलग-अलग हो सकती है। किसी को डिस्को में, तो किसी को निर्जन वन में अकेले समय बिताना उत्पादक लग सकता है। इसलिए उत्पादकता की अपनी परिभाषा भी बदलिए। आप सिर्फ काम के लिए नहीं, आराम के लिए भी




मैं अपनी किसी साथी को ढूंढती हूं, जो मेरे साथ चल सके। शुरुआत में मेरे दोस्तों को यह सब कुछ अजीब लगा, लेकिन अब वे भी इसे खेल की तरह लेती हैं। यह तो सब जानते हैं कि दोस्ती हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करती है। लेकिन शीला लीमिंग की पुस्तक हैंगिंग आउट : द रेडिकल पावर ऑफ किलिंग टाइम पढ़ने के बाद मुझे दोस्तों से मिलने-जुलने की प्रेरणा मिली। यह किताब बताती है कि बगैर किसी योजना या उद्देश्य के दोस्तों से मिलना रिश्तों को बेहतर बना सकता है। जब आप बच्चे होते हैं, तो आपके पास पैसा और परिवहन के साधन सीमित होते हैं, तब आप दोस्तों के साथ स्वाभाविक ढंग से घूम लेते हैं।वयस्कों की मित्रता पर शोध करने वाली बोइस स्टेट यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान की बने हैं।चैंपलेन कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर लिमिंग कहती हैं, 'बगैर किसी मकसद के किसी के साथ बाहर घूमने में शुरुआत में थोड़ी मुश्किल हो सकती है, लेकिन बाद में इससे घनिष्ठता बढ़ती है।' वह कहती हैं, 'साथ रहना दरअसल एक कला है, जो सीखी जा सकती है। अगर आप अपने मित्र के साथ बगैर किसी उद्देश्य के रह सकते हैं, तो इससे बढ़कर अंतरंगता नहीं हो सकती।' यह संबंधों को दूसरे ढंग से देखने का तरीका भी है। याद रहे, आपका कोई दोस्त बगैर किसी उद्देश्य के आपके साथ टहल रहा है, तो इसकी वजह यह नहीं है कि उसके पास करने के लिए कोई काम नहीं है, बल्कि यह है कि वह दिल से आपके साथ कुछ समय बिताना चाहता है।

## बंगाल में सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनता संदेशखाली

इस मुद्दे पर विधानसभा में हंगामा हो चुका है। इसके बाद विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी समेत भाजपा के छह विधायकों को इस सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। लेकिन बवाल थमने की बजाय तेज ही हो रहा है। इस महीने के आखिर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता के दौरे पर आएंगे।लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में संदेशखाली सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनता जा रहा है। उत्तर 24-परगना जिले में बांग्लादेश की सीमा के करीब बसे इस गांव की महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस नेताओं के कथित यौन उत्पीड़न और अत्याचारों के खिलाफ जो आंदोलन शुरू किया था उसकी आंच तो अब काफी हद तक धीमी पड़ने लगी है। लेकिन इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी दलों के बीच छिड़ा घमासान लगातार तेज हो रहा है। अब यह मुद्दा धीरे-धीरे राज्य बनाम केंद्र में भी बदलने लगा है।बीते सप्ताह महिलाओं का आंदोलन शुरू होने के बाद भाजपा, कांग्रेस और माकपा के तमाम प्रतिनिधिमंडल इलाके में पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन उनको बीच रास्ते में ही रोक दिया जा रहा है। वैसे, अनुसूचित जाति आयोग, महिला आयोग और बाल संरक्षण आयोग के अलावा राज्य सरकार की एक 10-सदस्यीय टीम लगातार इलाके का दौरा कर रही है। शायद ही कोई ऐसा दिन बीत रहा है जब कोई न कोई आयोग या जांच टीम गांव के दौरे पर नहीं हो।शुक्रवार को पुलिस ने भाजपा सांसदों की एक केंद्रीय टीम को भी इलाके तक नहीं पहुंचने दिया। यह इलाका कालिंदी नदी के किनारे बसा है। गांव तक पहुंचने के लिए नदी पार करना ही एकमात्र उपाय है। लेकिन रास्ते में 19 जगह धारा 144 लागू है और सड़कों पर बैरिकेड लगा दिए गए हैं।दूसरी ओर, इस मुद्दे पर विधानसभा में हंगामा हो चुका है। इसके बाद विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी समेत भाजपा के छह विधायकों को इस सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। लेकिन बवाल थमने की बजाय तेज ही हो रहा है। इस महीने के आखिर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता के दौरे पर आएंगे। इसके बाद मार्च पहले सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बंगाल दौरे की कोशिशें चल रही हैं।पार्टी के नेता उत्तर 24-परगना जिला मुख्यालय में उकी एक सभा आयोजित कर बड़े पैमाने पर संदेशखाली में महिलाओं पर कथित अत्याचारों का मुद्दा उठाने की कवायद में जुटे हैं। उधर, लोकसभा की प्रिविलेज कमेटी ने भी मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक समेत तीन अधिकारियों को अपने समक्ष हाजिर होने का समन भेजा है।राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम पहले ही इलाके का दौरा कर चुकी है। लेकिन अब वह दोबारा गांव के दौरे पर आने वाली है। इस बार टीम के सदस्य मुख्य सचिव और पुसि महानिदेशक से भी मुलाकात करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)लखनऊ- श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का निधन, सीएम योगी ने निधन पर शोक व्यक्त किया , विद्यासागर जी का ब्रह्मलीन होना बड़ी क्षति-सीएम, ये आध्यात्मिक जगत के लिए अपूर्णीय क्षति-सीएम, उनका ब्रह्मलीन होना समाज के लिए क्षति-सीएम, जैन पंथ के संत का ब्रह्मलीन होना बड़ी क्षति-सीएम, विद्यासागर जी को कोटि-कोटि नमन - सीएम योगी. लखनऊ- आंजनेय कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति एक बार फिर बढ़ायी गयी, मुरादाबाद कमिशन्र हैं आईएएस आंजनेय कुमार सिंह , ध्ंए आंजनेय कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति बढ़ाई गई, आंजनेय कुमार की प्रतिनियुक्ति 6 महीने के लिये बढ़ायी गयी, प्रतिनियुक्ति को लेकर अ्ध्इऊ ने आदेश जारी किया, यूपी के मऊ जनपद के निवासी हैं आंजनेय कुमार सिंह, आंजनेय कुमार सिंह मूल रूप से सिक्किम कैडर के हैं, यूपी में प्रतिनियुक्ति 14 फ़रवरी 2024 को पूर्ण हो चुकी थी. लखनऊ- अनामिका जैन अंबर ने एक्स पर किया पोस्ट , पूज्य श्री विद्यासागर जी महाराज का विछोह-अनामिका, महाराज जी का विछोह बहुत बड़ी क्षति है-अनामिका जैन, आज हर जैन धर्मावलंबी की आंखे सजल हैं-अनामिका, अपने आराध्य को अंतिम विदाई दे रही हैं-अनामिका जैन. संभल- ओवैशी के पीएम को पुजारी बताए जाने पर बोले प्रमोद कृष्णम, भारत का सौभाग्य है की देश का पीएम पुजारी है-प्रमोद कृष्णम, पीएम पुजारी हैं देश की माटी के,मां भारती के,मुझे फक्र है-कृष्णम, पीएम भारत को विश्व गुरु बनाने की और अग्रसर हैं-कृष्णम. संभल - श्री कल्कि धाम में कल्कि मंदिर का शिलान्यास कल, सैकड़ों गुरुकुल विद्यार्थी कल्कि धाम में पहुंचे, संतों के साथ वेद मंत्रों का जाप करेंगे गुरुकुल विद्यार्थी, आज भूमि पूजन स्थल पर ले जाई जाएगी शिलाएं, मंदिर भूमि पूजन के लिए जयपुर से आई हैं शिलाएं, अब तक संतों की टेंट सिटी में पहुंचे हजारों संत, ऐचोडा कंबोह गांव में बनाई गई है संतों की टेंट सिटी. प्रयागराज- राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा आज प्रयागराज पहुंचेगी, नेहरू गांधी के पैतृक आवास आनंद भवन से होगी शुरुआत, दोपहर तीन बजे होगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत, आनंद भवन के पास कटरा इलाके में युवाओं से करेंगे संवाद, प्रतापगढ़ के बॉर्डर पर राहुल रात्रि विश्राम का भी कार्यक्रम है,

# इंडियन सरफेस फिनिशिंग 2024 का समापन समारोह

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नोएडा ।**नोएडा ग्रेटर नोएडा तंत्र मैटल फिनिशर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आयोजन इंडियन सरफेस फिनिशिंग 2024 का समापन 16 फरवरी, 2024 को हुआ। समापन समारोह के दौरान मारुति उद्योग के कार्यकारी निदेशक विपिन गर्ग 'सम्मानित अतिथि' रहे। उन्होंने इंडस्ट्री के बारे में अपने विचार साझा किए गर्ग ने एमएफएआई के सभी परिषद सदस्यों को ट्रॉफी प्रदान की अमित अग्रवाल सचिव ने दर्शकों को एमएफएआई गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। एमएफएआई के अध्यक्ष सुनील गोयल ने अपने समापन भाषण के साथ औपचारिक रूप से आईएसएफ2024 को समाप्त घोषित किया। एमएफएआई 150 प्रदर्शकों, लगभग 12000 आगंतुकों, भारत और विदेश के वक्ताओं और आईएसएफ 2024 से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी लोगों को धन्यवाद दिया घ् उन्होंने कहा की सबकी मेहनत और साथ से इस आयोजन को एक बड़ी सफलता मिली है।आज एमएसएमई एवं कॉर्पोरेट सेक्टर में इसके 1000 से अधिक सदस्य हैं। सरफेस फिनिशिंग उद्योग को लाभान्वित करने के लिए एमएफएआई ने 450 टेकनिकल बैठकें और 120 सेमिनारें आयोजित कर चूका है घ् भारत में हमारे पास इस क्षेत्र में कुशल मैनपावर की कमी है, इसे ध्यान में रखते हुए हमारा संगठन हर साल लगभग 50 छात्रों को सरफेस फिनिशिंग में प्रशिक्षण दे रहा है। एक सप्ताह के इस प्रोग्राम को विशेषज्ञों द्वारा डिज़ाइन किया गया है, जिसमें थ्योरी और प्रेक्टिकल दोनों शामिल हैं। उन्हों ने कहा एमएफएआई त्रैमासिक इन-हाउस पत्रिका- इंडियन सरफेस फिनिशिंग भी प्रकाशित करता है, जिसे सदस्यों को निःशुल्क दिया जाता है। हमारे पास इन हाउस लाइब्रेरी है जहां टेकनिकल विषयों पर आधारित 500 किताबें हैं। हमारा संगठन विश्वस्तरीय सरफेस फिनिशिंग समुदाय के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मेलन और प्रदर्शनियां भी आयोजित करता ह "एमएफएआई के प्रबंध ट्रस्टी माधव सिंह के अनुसार, उन्होंने जिन प्रदर्शकों से बात की, उनमें से अधिकांश आगंतुकों की प्रतिक्रिया से बहुत खुश और आश्वस्त रही और कहा कि भविष्य में इसे व्यवसाय में तब्दील किया जाएगा।




# थाना पिपरी पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्ता के कब्जे से 01 किलो 500 ग्राम नाजायज गांजा बरामद

पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र द्वारा अपराध एवं अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण में आज दिनांक-18.02.2024 को थाना पिपरी पुलिस द्वारा मलिन बस्ती, तुर्रा तिराहा रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क से अभियुक्ता नूरजहाँ पतनी केदार उर्फ फिरोज, निवासिनी मलिन बस्ती तुर्रा वार्ड नं0-01, पिपरी, थाना पिपरी, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 48 वर्ष के कब्जे से 01 किलो 500 ग्राम नाजायज गांजा को बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना पिपरी पर मु0अ0सं0-34/2024 धारा 8/20 का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।




## हेल्थ सप्लीमेंट को सीडीएससीओ के तहत लाने की समीक्षा करेगी समिति

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** हेल्थ सप्लीमेंट या न्यूट्रास्यूटिकल्स को खाद्य नियामक एफएसएसएआइ के बजाय शीर्ष औषधि नियामक सीडीएससीओ के दायरे में लाने की संभावना तलाशने के लिए सरकार ने समिति का गठन किया है। उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य ने सरकार ने यह कदम उठाया है। 'न्यूट्रास्यूटिकल्स' वैसे खाद्य पदार्थ होते हैं जो पौष्टिक होने के साथ ही बीमारी की रोकथाम एवं उपचार में भी मददगार होते हैं।अधिकारियों ने कहा कि हेल्थ सप्लीमेंट के अनियंत्रित इस्तेमाल हो रहा है। लोग दवाओं के साथ लंबे समय तक हेल्थ सप्लीमेंट का भी सेवन करते हैं जिससे लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है।

# सोसंवा कार्यकर्ताओं ने निकाली 18 किमी सोनांचल बचाओ तिरंगा पदयात्रा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**सोनभद्र।** सोनांचल संघर्ष वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल यादव एडवोकेट की अगुआई में रविवार को सोनांचल बचाओ तिरंगा पद यात्रा विंढमगंज थाना तिराहे से पुलिस की मौजूदगी में शुरू हुई ,जो 18 किमी दूरी तय करके दुद्धी क्रिकेट मैदान पहुंची, जहां पद यात्रा का समापन हो गया। जगह - जगह रास्ते में प्रधानों के साथ यात्रा का स्वागत करते हुए लोगों ने समर्थन दिया। सोनांचल संघर्ष वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल यादव एडवोकेट ने कहा कि लंबे अरसे से दुद्धी जिला बनाने की मांग चली आ रही है, लेकिन सरकार द्वारा अनसुना किया जा रहा है। अब इसके लिए आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोनांचल के आदिवासी, वनवासी, गिरिवासी, बेरोजगारों आदि की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए यह पद यात्रा निकाली जा रही है। जिले में संचालित कल कारखानों में जिले के बेरोजगारों को नौकरी दिलाए जाने, वनाधिकार कानून का पालन सुनिश्चित कराते हुए भौमिक अधिकार दिलाए जाने, सोनांचल राज्य बनाए जाने, सोनांचल विश्व विद्यालय की स्थापना, म्योरपुर हवाई अड्डा का नाम सोनांचल एअर पोर्ट करने, चोपन से नई दिल्ली के लिए सोनांचल एक्सप्रेस ट्रेन चलाए जाने आदि की मांग शामिल हैं। मांगों का ज्ञापन प्रशासन को सौंपा गया।विंढमगंज थाना तिराहे से सुबह 11 बजे शुरू होकर बाजार से गुजरते हुए पद यात्रा घिवही रेलवे क्रासिंग गेट पर पहुंची, जहां प्रधान संघ के अध्यक्ष दिनेश यादव की अगुआई में लगाभग आधा दर्जन ग्राम प्रधानों ने जनता के साथ इस सोनांचल बचाओ तिरंगा पद यात्रा का जोरदार स्वागत किया । आगे जोरूखाड़ प्रधान विमल यादव और फुलवार प्रधान दिनेश कुमार यादव ने भी लोगों के साथ जोरदार स्वागत किया। ग्राम प्रधानों के आलावा प्रभुसिंह कुशवाहा , प्रेमचंद यादव, रमेश चंद्र सिंह कुशवाहा, आशीष जायसवाल, विजय गोंड, संजय यादव, विमल यादव, अशोक श्रीवास्तव, विजय यादव, कृपाशंकर आदि लोग पद यात्रा का स्वागत किया। सोनांचल बचाओ तिरंगा यात्रा का दुद्धी बार एसोसिएशन और सिविल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने भी स्वागत करते हुए समर्थन दिया।




# बीमारी का कारण क्या पनीर भी है

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
बात करते हैं आज के सबसे प्रसिद्ध खाद्य भोजन पनीर की, भारतीय लोग तो पनीर के इतने दीवाने हो चुके हैं कि इन्हें जहां पनीर मिल जाता है बहुत ही मजे से चाप लेते हैं, होटल में गए तो बिना पनीर खाये इनके गले से निवाला नहीं निगलता कढ़ाई पनीर, शाही पनीर, मटर पनीर, चिली पनीर और भी न जाने क्या क्या पनीर समोसे में पनीर, पकौड़ी में पनीर, पिज्जा में पनीर, बर्गर में पनीर, मतलब जहां देखो वहां पनीर, भारत में शायद जितना दूध पैदा नहीं होता उससे ज़्यादा पनीर बनता होगा।चिकित्सा विज्ञान में सबसे प्राचीन विधा आयुर्वेद में दूध, दही, घी का जिक्र हर जगह है किन्तु इस नामुराद पनीर का जिक्र कहीं नहीं मिलता, आखिर क्यों ? यदि पनीर इतना ही अच्छा है तो इसके बारे में किसी ऋषि ने कुछ लिखा क्यों नहीं ?जब गहराई से इसकी पड़ताल की तो पता चला कि आयुर्वेद में पनीर को निकृष्टतम भोजन के रूप में बताया गया है, बोले तो कचरा और कचरा भी ऐसा वैसा नहीं, ऐसा कचरा जिसे जानवरों को भी खिलाने से मना किया गया है। दूध को फाड़ कर या दूध का रूप विकृत करके पनीर बनता है, जैसे कोई सब्जी सड़ जाए तो क्या उसे खाएंगे ?

# उत्तर प्रदेश में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदो पर सीधी भर्ती परीक्षा सकुशल सम्पन्न

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**मीरजापुर।**मीरजापुर 17 फरवरी 2024- उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा-2024 जनपद में सकुशल व शान्तिपूर्ण सम्पनन कराया गया। शान्तिपूर्ण व नकल विहीन परीक्षा सम्पनन कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जनपद में भ्रमण कर कई परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण किया। प्रथम पाली की परीक्षा में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस लाइन में स्थापित परीक्षा कंट्रोल रूम में भी जाकर व्यवस्थाओं को देखा तदुपरान्त कोषागार के डबल लाक में भी पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। द्वितीय पाली में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने ग्रामीण क्षेत्र के सावित्री इण्टर कालेज जमुनहिया, आर्दश इण्टर कालेज विसुन्दरपुर तथा नगरीय क्षेत्र में राजकीय इण्टर कालेज महुवरिया में पहुंचकर परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया तथा केन्द्र व्यवस्थापको/प्राचार्यो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल सहित अन्य उप जिला मजिस्ट्रेट के द्वारा भी अपने-अपने क्षेत्रो में परीक्षा केन्द्र पर भ्रमणशील रहकर निरीक्षण किया गया।

# सरस मेले में दूसरे दिन गुजरात के कलाकारों ने डांडिया के माध्यम से समा बांधा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नोएडा ।**नोएडा सैक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित सरस आजीविका मेले में दूसरे दिन शनिवार को भारी संख्या में खरीदारों की भीड़ उमड़ी। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा आयोजित इस सरस आजीविका मेला 2024 में ग्रामीण भारत की शिल्प कलाओं का मुख्य रूप से प्रदर्शन किया जा रहा है। एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजीलाल कटारिया ने बताया कि सरस मेले में दूसरे दिन केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के सहायक सचिव चरनजीत सिंह ने यहाँ पहुंचकर मेले का जायजा लिया। श्री सिंह ने सभी राज्यों की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों से उनके कारोबार के विषय में जानकारी ली तथा उनकी समस्याओं को सुना। केंद्र सरकार के सरस आजीविका मेले का आयोजन प्रतिवर्ष देशभर के सभी राज्यों में किया जाता है। इसी कड़ी में नोएडा में यह चौथा आयोजन है। मेले में शनिवार को विकास विशान्ति तथा ऊषा किरण एनजीओ के करीब 150 बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।



# निरीक्षण के दौरान सम्बंधित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**सोनभद्र।**जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोननति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा-2023 के दृष्टिगत परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपनन कराये जाने हेतु विभिनन परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नोडल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया। साथ ही ड्यूटीरत कर्मियों को उनके द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर लगातार भ्रमणशील रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों, प्रमुख स्थानों, चौराहों पर क्यूआरटी टीम, पीएसी सहित पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगये गए हैं। सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसमें नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा अनवरत निगरानी सुनिश्चित की जा रही है। सुगम यातायात व्यवस्था के लिए सभी चौराहों व तिराहों, बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानो पर यातायात कर्मी तैनात हैं। सोशल मीडिया टीम व अभिसूचना तंत्र पूर्ण रूप से सक्रिय है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्मों की सतत निगरानी की जा रही है। आपत्तिजनक व भड़काऊ पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



# पहाड़ों पर बारिश और बर्फबारी का डबल अटैक

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।**, बर्फबारी और तेज हवा के कारण पहाड़ों पर शीतलहर का प्रकोप जारी है। इसका एहसास मैदानी इलाकों में भी देखा जा रहा है दिल्ली में भी सोमवार की सुबह तेज हवा के साथ ठंड का एहसास लोगों को हुआ। मौसम विभाग के अनुसार यह पश्चिमी विक्षोभ के कारण ऐसा हो रहा है।में जहां ठंड लुका-छुपी का खेल रही है। दिन में खिली धूप तो शाम ढलते-ढलते ठंडी हवाओं के साथ ठंड का एहसास जारी है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में एक फिर ठिठुरन वाली ठंड लोगों को सता सकती है। दिल्ली में 19और20 फरवरी को बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा पंजाब हरियाणा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी बारिश की संभावना जताई गई है। ने अनुमान जताया है कि दिल्ली में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। जिसकी वजह से दिन के तापमान में एक बार फिर गिरावट देखी जाएगी। वहीं दिल्ली के अलावा, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 19 से 21 फरवरी के बीच और पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तरी मध्य प्रदेश में 20 से 22 फरवरी के बीच बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक 22 फरवरी तक पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश समेत आंधी तूफान से ठंड का प्रकोप बना रहेगा।दिल्ली में तीन दिन तक लगातार हल्की वर्षा होने का पूर्वानुमान है, जिससे तापमान में भी गिरावट आएगी।हिमाचल में भी पश्चिमी विक्षोभ का असर पांच दिन तक रहेगा। सोमवार को लाहुल स्पीति, किन्नैर, चंबा, कांगड़ा, शिमला, कुल्लू व मंडी जिला में बहुत भारी वर्षा व हिमपात का रेड अलर्ट जारी किया है।सोलन, सिरमौर के लिए आरेंज व ऊना, हमीरपुर व बिलासपुर जिला के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को भी भारी वर्षा व हिमपात होने का येलो अलर्ट है।जम्मू कश्मीर को लेकर मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक बर्फबारी या वर्षा की संभावना जताई है।




# जन अधिकार पार्टी की सम्पूर्ण भागीदारी यात्रा

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**सोनभद्र।** जन अधिकार पार्टी के तत्वावधान में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व कैबीनेट मंत्री मा0 बाबू सिंह कुशवाहा जी के अगुवाई में 08 जनवरी 2024 को गाजीपुर से चली सम्पूर्ण भागीदारी यात्रा आज दिनांक 18 फरवरी 2024 को सोनभद्र आगमन पर जगह जगह कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने जोरदार स्वागत अभिनंदन किये।यात्रा घोरावल से प्रारम्भ होकर, मुगेहरी माइनर, मुडीलाडीह, शाहगंज बाजार होते हुए राबर्ट्सगंज बढ़ौली चौराहे पहुँची जहाँ सभा को संबोधित करते हुए जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा जी ने कहा कि देश आजाद होने के बाद लोकतंत्र की स्थापना हुई जिसकी मंशा थी कि सभी देशवासी मिलजुल कर एक सशक्त, समृद्धशाली राष्ट्र का निर्माण करेंगे और सभी देशवासियों को आबादी के अनुरूप हक़ हिस्सेदारी मिलेगी परन्तु देश की मेहनतकश जनता के साथ धोखा हुआ खासकर पिछड़े, दलितों व अल्पसंख्यकों को हक़ हिस्सेदारी से साजिश करके बंचित कर दिया गया इसलिए इस देश मे असली लड़ाई भगीदारी की है, एक देश एक समान पाठ्यक्रम शिक्षा की है, अच्छी चिकित्सा सुविधा की है, नौजवानों को बिना भेदभाव के रोजगार दिए जाने की है, समान रोजगार का रोजगार दिए जाने का है,प्रभावी महंगाई नियंत्रण का है और देश के किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाये जाने के साथ ही जाती जनगणना कराकर संख्या के आधार पर जीवन के प्रत्येक क्षेत्रो में हिस्सेदारी दिए जाने की लड़ाई जन अधिकार पार्टी लड़ रही है।आगे कुशवाहा ने कहा कि जन अधिकार पार्टी एक आंदोलन का नाम है जो सत्ता के साथ ब्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से देश में अमूलचुक परिवर्तन कर समाज के अंतिम ब्यक्ति के होठों पर मुस्कान लाना चाहती है ।वही सत्ताशीन रहे दलों एवं भाजपा पर करारा हमला करते हुए कहा कि जिन दलों को सरकार बनाने का मौका मिला उन लोगो ने जनता को मुद्दो से भटकाने का कार्य किया है।लेकिन जन अधिकार पार्टी अब ऐसा होने नही देगी देश के गरीबो पिछड़ो बंचित कमेरा बहुजन समाज के लोगो को एकजुट करके जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सम्पूर्ण भागीदारी दिलाने का काम करेगी।




# पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज संगठन का शपथ ग्रहण शमारोह सम्पन्न

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**प्रयागराज।** पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज यू पी संगठन की जिला प्रयागराज व तहसील इकाई बारा के पदाधिकारियों ने भव्य कार्यक्रम के तहत पद और गोपनीयता की शपथ ली।प्रयागराज जिलाध्यक्ष सुभाष शुक्ल,तहसील इकाई बारा तहसील अध्यक्ष रबिन्द्र तिवारी ने अपने अपने पदाधिकारियों व सदस्यों संग पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बारा विधायक डॉ वाचस्पति व बिशिष्ट अतिथि डॉ बिनोद तिवारी रहे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर सर्व प्रथम माँ सरस्वती को माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि बारा बिधायक ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में हास्य कवियों ने अपनी अपनी कविताओं से सब को हसा हसा कर लोट पोट कर दिया।अशोक बेसरम ने तो एक से एक कविता सुनाई,वही मुराद भी हास्य कविता का आगाज किया।जितेंद्र जलाज,सन्तोष शुक्ला समर्थ भी कविताओ की झड़ी लगा दी।इनके कविताओं पर पत्रकारों की लगातार तालियों की गड़गड़ाहट बनी रही। इस शमारोह प्रदेश संरक्षक कमलाकर सिंह,प्रदेश चयन समिति संयोजक अशोक पाठक,प्रदेश अध्यक्ष पी सी पाण्डेय,संगठन मंत्री ज्ञानेंद्र पाठक,प्रदेश उपाध्यक्ष, आनंद जायसवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी, सोनू भटनागर,जिला अध्यक्ष सुभाष शुक्ल,जिला महासचिव सुमन्त भार्गव, असीष मिश्र, तहसील कोषाध्यक्ष राकेश कुशवाहा,आसुतोष त्रिपाठी, इंद्रजीत मिश्र,महेश त्रिपाठी, मयंक शुक्ला,नईम अहमद, धीरेन्द्र शुक्ल तहसील अध्यक्ष कोरांव, भगवान दास केसरी,फिरोज खान प्रमोद बाबू झा, के साथ साथ क्षेत्र के सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# ऑटिज्म से पीडित बच्चों ने 165 किमी तैराकी कर बनाया विश्व रिकॉड

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**चेन्नई।** ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसआर्डर (एएसडी) से पीड.ित बच्चों के एक समूह ने अनोखी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने हाल ही में कुड्डालोर से चेनन्ई तक समुद्र में 165 किमी की तैराकी कर वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्हें मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसआर्डर (एएसडी) से पीड.ित बच्चों के एक समूह ने अनोखी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने हाल ही में कुड्डालोर से चेनन्ई तक समुद्र में 165 किमी की तैराकी कर वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्हें मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। ऑटिज्म एक तरह का न्यूरोलाजिकल डिसआर्डर है। इसमें पीड.ित बच्चे को बातचीत करने में पढ़ने-लिखने में और लोगों के बीच मेलजोल बनाने में परेशानी होती हैं ।ऑटिज्म एक तरह का न्यूरोलाजिकल डिसआर्डर है। इसमें पीड.ित बच्चे को बातचीत करने में, पढ़ने-लिखने में और लोगों के बीच मेलजोल बनाने में परेशानी होती हैं। इनके सीखने, आगे बढ़ने और ध्यान देने के तरीके भी अलग-अलग हो सकते हैं।यादवी स्पोर्ट्स एकेडमी फार स्पेशल नीड्स के संस्थापक व मुख्य कोच सतीश शिवकुमार ने बताया कि नौ से 19 वर्ष की आयुवर्ग के 14 बच्चों ने चार दिनों में रिले प्रारूप में तटीय क्षेत्र में तैराकी कर कुड्डालोर से चेनन्ई तक 165 किलोमीटर की दूरी तय की और वर्ल्ड रिकार्ड बना दिया। इस दौरान एहतियात के तौर पर नावों में उनके प्रशिक्षक मौजूद रहे। मुझे तैराकी करने वाले सभी बच्चों पर गर्व है। आज वे गर्व से बाधाओं को तोड़ने की क्षमता रखने वाले प्रमाण के रूप में खड़े हैं।

# 'दंगल' फेम सुहानी भटनागर की मौत पर यकीन नहीं कर पा रहीं सान्या बोलीं- वह बहुत खास थी'

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** आमिर खान की फिल्म 'दंगल' में जूनियर बबीता फोगाट का किरदार निभाकर मशहूर हुई सुहानी भटनागर अब इस दुनिया में नहीं रहीं। लंबी बीमारी के बाद सुहानी का निधन हो गया। 19 साल की एक्ट्रेस के निधन से इंडस्ट्री को बड़ा झटका लगा है।दंगल स्टार सुहानी भटनागर के निधन से हर कोई हैरान है। 19 साल की उम्र में एक्ट्रेस के निधन ने उनके परिवारवालों को झकझोर कर रख दिया है। आमिर खान से लेकर नितेश तिवारी समेत दंगल की टीम ने सुहानी के निधन पर शोक जताया है। अब सान्या मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर हैरानगी जताई है।दंगल' में बड़ी बबीता फोगाट बनीं सान्या मल्होत्रा को बिल्कुल भी यकीन नहीं हो रहा है कि सुहानी अब इस दुनिया में नहीं हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि सुहानी के इतनी जल्दी जाने की कोई उम्र नहीं थी। इंस्टाग्राम स्टोरी पर को-स्टार के निधन का शोक मनाते हुए एक्ट्रेस ने लिखा, ठमैं यकीन नहीं कर सकती कि यह सच है।सान्या मल्होत्रा ने आगे सुहानी की तारीफ की और उन्हें सबसे खास बताया। एक्ट्रेस ने लिखा, हमारी सुहानी की तरह कोई नहीं था।



वह बहुत खास, टैलेंटेड और इतनी जल्दी दुनिया छोड़ने के लिए बहुत छोटी थी। रेस्ट इन पीस छोटू। पूजा, पुनीत और पूरी फैमिली को मेरी गहरी संवेदना।ठसुहानी भटनागर को नितेश तिवारी निर्देशित 'दंगल' में जूनियर बबीता फोगाट के किरदार के लिए जाना जाता था। इस फिल्म से सुहानी ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वह कई टीवी एड्स में भी नजर आ चुकी थीं। 'दंगल' से भले ही सुहानी को बहुत लाइमलाइट मिली, लेकिन उन्होंने काम को जारी रखने की बजाय फिल्मों से कुछ समय के लिए किनारा कर लिया था। सुहानी अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहती थीं और फिर से कमबैक करने वाली थीं।हालांकि, सपनों की उड़ान भरने से पहले ही सुहानी इस दुनिया से चली गईं। दो महीने पहले उनके माता-पिता को डर्मेटोमायोसाइटिस नामक बीमारी का पता चला था। एम्स में इलाज के दौरान सुहानी ने दम तोड़ दिया।

# रश्मिका की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंगएक्ट्रेस ने बताया कैसे बच निकलीं मौत


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के बाद अब बॉलीवुड में भी अपनी धाक जमा चुकीं एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना की सोशल मीडिया पर अच्छी फैन फॉलोइंग है। 'एनिमल' फिल्म के बाद एक्ट्रेस के पास कई और बेहतरीन प्रोजेक्ट्स की लाइन लग



गई है। प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही पर्सनल लाइफ को लेकर भी एक्ट्रेस चर्चा में बनी रहती हैं। इस बीच रश्मिका को लेकर एक अहम खबर सामने आई है। फिल्म एनिमल के बाद एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना पुष्पा 2 को लेकर सुखिर्यों में हैं। उनकी यह फिल्म कुछ ही महीनों में रिलीज होने वाली है। इस बीच एक्ट्रेस को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। रश्मिका मंदाना मौच के मुंह से बाल-बाल बची हैं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर खुद इस बात की जानकारी दी है।रश्मिका मंदाना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि हाल ही में एक हादसे में उनकी जान बाल-बाल बची। वह मौत के मुंह में जाने से बची हैं। एक्ट्रेस के इस पोस्ट से सोशल मीडिया पर हड़कंप मच गया है।एक्ट्रेस जिस फ्लाइट से सफर कर रही थीं, उसकी इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। इस दौरान की एक तस्वीर रश्मिका ने अपने इंस्टा स्टोरी पर शेयर की, जहां वह अपनी सीट पर बैठी हुई नजर आ रही हैं। इसे शेयर करते हुए रश्मिका ने लिखा, 'सिर्फ एक सूचना है कि इस तरह हम मौत से बचे हैं।' फोटो में उनके साथ एक्ट्रेस श्रद्धा दास भी नजर आ रही हैं।बता दें कि रश्मिका की यह फ्लाइट मुंबई से हैदराबाद जा रही थी। इमरजेंसी लैंडिंग की वजह से फ्लाइट 30 मिनट बाद मुंबई लौट गई। इसका कारण टेकिन्कल फॉल्ट बताया गया है। इस हादसे में जान का खतरा जरूर बना रहा, लेकिन हर पैसेंजर सकुशल वापस पहुंचा। रश्मिका मंदाना की फिल्मों की बात करें, एक्ट्रेस की इस साल 'पुष्पा 2' रिलीज होगी। यह फिल्म इस साल स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज होगी। फिल्म का क्लैश रोहित शेट्टी की 'सिंघम अगेन' ( से होगा।

# कार्तिक आर्यन की फिल्म में बड़ा बदलाव, 'आशिकी 3' नाम से नहीं रिलीज होगी मूवी, मिला ये टाइटल!

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के हैंडसम एक्टर कार्तिक आर्यन की फिल्मों का उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है। सोशल मीडिया पर फैंस उनकी अपकमिंग मूवी के अपडेट से जुड़ी जानकारी के लिए टकटकी लगाए रहते हैं। बी टाउन के मोस्ट हैंडसम बैचलर कार्तिक आर्यन की झोली में कुछ इंटरेस्टिंग प्रोजेक्ट्स हैं, जिसमें फेमस रोमांटिक फ्रेंचाइजी 'आशिकी' का सीक्वल शामिल है।3 फिल्म आशिकी बॉलीवुड की मोस्ट एंटिसिपेटेड रोमांटिक मूवी है जिसकी स्टोरी लाइन आज भी लोगों को अट्रैक्टिव लगती है। फिल्म के लिए तृप्ति डिमरी से लेकर सारा अली खान तक का नाम सामने आ चुका है। हालांकि, मेकर्स ने किसी भी एक्ट्रेस का नाम कार्तिक आर्यन के अपोजिट कंफर्म नहीं किया है। इस बीच फिल्म के टाइटल में बदलाव होने की खबर सामने आई है। ऐसी चर्चा है कि 'आशिकी' के नेक्स्ट इंस्टॉलमेंट को 'आशिकी 3' के नाम से नहीं जाना जाएगा।हाल ही में सामने आई जूम की रिपोर्ट के मुताबिक, कहां गया है कि 'आशिकी 3' के नाम में बदलाव किया गया है। इस फिल्म को 'तू आशिकी है' के नाम से रिलीज किया जाएगा। हालांकि, अभी मेकर्स का ऑफिशियल कंफर्मेशन आना



बाकी है। अब तीसरे पार्ट को लेकर चर्चा में है। कार्तिक आर्यन इस मूवी के थर्ड इंस्टॉलमेंट के लीड एक्टर होंगे। फिल्म पिछले कई महीनों से अलग-अलग वजहों से चर्चा में है। लीड एक्ट्रेस की अपडेट के बाद अब मूवी के नाम को लेकर एक अपडेट सामने आई है।'आशिकी 3' मूवी को लेकर अब तक की अब तक कई अपडेट सामने आ चुके हैं। फिल्म की लीड एक्ट्रेस के बाकी है। भट्ट कैंप की फेमस फ्रेंचाइजी इस फिल्म को अनुराग बसु डायरेक्ट करेंगे।?साल 2022 कार्तिक आर्यन के लिए 'सोने पर सुहागा' जैसा साबित हुआ। इस साल रिलीज हुई उनकी फिल्म 'भूल भुलैया 2' ने उनके करियर में चार चांद लगा दिए। कार्तिक को इस मूवी के लिए बेस्ट एक्टर का अवार्ड मिला था। वहीं, अब इस फिल्म का तीसरा पार्ट भी रिलीज किया जाएगा।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा ने 'योद्धा' का नया पोस्टर किया आउट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म का निर्माण करण जौहर ने किया है। पिछले साल करण जौहर ने फिल्म की घोषणा की थी। तब से लोग सिद्धार्थ मल्होत्रा को 'योद्धा' बनते देखने के लिए बेकरार थे। अब फाइनली इंतजार की घड़ी खत्म होने जा रही है अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की मच अवेटेड फिल्म योद्धा सुखियों में है। फिल्म की रिलीज डेट नजदीक है और जल्द ही टीजर आने वाला है। टीजर जारी होने से पहले सिद्धार्थ मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है जिसमें अभिनेता का धांसू अवतार देख फैंस गदगद हो गए हैं। देखिए फिल्म का लेटेस्ट पोस्टर।सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'योद्धा' की पहली झलक सामने आने वाली है। हाल ही में, अनाउंस किया गया था कि फिल्म का टीजर कब रिलीज किया जाएगा। टीजर आने से पहले फिल्म का धमाकेदार पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें एक्टर का धांसू लुक दिख रहा है।सिद्धार्थ मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर 'योद्धा' का नया पोस्टर जारी किया है।

# सोनारिका के हाथों में सजी शिव-पार्वती वाली मेहंदी, शादी से पहले एक्ट्रेस को चढ़ी ड्रिप

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** सीरीयल 'देवों के देव महादेव' में पार्वती का रोल प्ले करने वालीं एक्ट्रेस सोनारिका भदौरिया ग्लैमर की दुनिया से दूर अपनी शादी की तैयारियों में मगन है। एक्ट्रेस के घर पर शादी का सेलिब्रेशन शुरू हो गया है। 'माता की चौकी' के साथ सोनारिका ने अपनी जिंदगी के नए सफर की शुरुआत की थी। अब एक्ट्रेस ने मेहंदी फंक्शन से कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं।टीवी की पार्वती यानी कि एक्ट्रेस सोनारिका भदौरिया अब से कुछ ही देर में दुल्हन बन जाएंगी। आज एक्ट्रेस की शादी है। उनकी शादी से पहले उनकी मेहंदी की फोटो वायरल हो रही है। सोनारिका ने मेहंदी फंक्शन के लिए अपनी मां का आउटफिट चुना। वहीं शादी से पहले एक्ट्रेस को ड्रिप चढ़ी जिसकी तस्वीर उन्होंने शेयर की।सोनारिका भदौरिया की मेहंदी डिजाइन काफी यूनिक है, जो कि यूजर्स की नजरों में हैं। उन्होंने मेहंदी



के लिए अपनी मां की शादी का लहंगा पहना। गहरे लाल रंग के लहंगे में सजी सोनारिका किसी अप्सरा से कम नहीं लग रहीं। एक्ट्रेस की मेहंदी के साथ ही उनका यह लुक भी काफी पसंद किया जा रहा। इस लहंगे के साथ सोनारिका ने हरे रंग की कुर्ती पहनी, जो कि कॉन्ट्रास्ट में उनके लुक को कम्प्लीट कर रहा है। सोनारिका अपने होने वाले पति के साथ पोज देती नजर आईं। सोनारिका भदौरिया के लुक से हटकर उनकी मेहंदी डिजाइन की बात करें, तो इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। उन्होंने हाथों में शिव-पार्वती की इमेज मेहंदी में बनवाई। एक्ट्रेस की ये मेहंदी डिजाइन काफी पसंद की जा रही है।सोनारिका की शादी आज ही है। एक्ट्रेस रणथम्भौर में विकास पाराशर के साथ सात फेरे लेंगी। उनकी शादी के कार्यक्रम शनिवार से होटल नाहरगढ़ में शुरू हो गए हैं। इस बीच उन्होंने एक वीडियो शेयर किया, जिसे देखकर फैंस परेशान हो गए हैं। उन्होंने दिखाया है कि उनके हाथों में ड्रिप चढ़ी है।बता दें कि परेशान होने वाली बात नहीं है। एक्ट्रेस इंटरावेनस थैरेपी लेती नजर आ रही हैं। इस ड्रिप के जरिये शरीर में न्यूट्रीयेंट्स की कमी पूरी होती है। आपकी बॉडी एक्टिव रहती है।

# 'होने वाली दुल्हन ने की पूल पार्टी, शादी से पहले 'दूल्हे' ने एक्ट्रेस को दिया खूबसूरत सरप्राइज

एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली। छोटे पर्दे की जानी-मानी अभिनेत्री सुरभि चंदना दुल्हन बनने के लिए तैयार हैं। 10 दिन के बाद वह मंगेतर करण शर्मा के साथ सात फेरे लेंगी। शादी से पहले सुरभि ने अपनी दोस्तों के साथ बैचलरेट पार्टी एन्जॉय की। अब वह दोस्तों के साथ पूल में मस्ती करती हुई नजर आई टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना बिजनेसमैन करण शर्मा को पिछले 13 सालों से डेट कर रही हैं। अब दोनों गर्लफ्रेंड-ब्वॉयफ्रेंड से पति-पतनी बनने जा रहे हैं। सुरभि जल्द ही करण के साथ सात फेरे लेने वाली हैं। शादी से पहले सुरभि ने अपनी दोस्तों के साथ पूल पार्टी की। खास बात यह है कि उनके दूल्हेराजा ने ब्राइड्समेड के साथ उन्हें सरप्राइज दिया।नागिन और इश्कबाज जैसी डेली सोप में काम करके टीवी की चहेती बहू बनीं सुरभि चंदना ने कुछ दिन पहले ही करण शर्मा के साथ अपनी शादी की अनाउंसमेंट की थी। इसके बाद से ही एक्ट्रेस सुखिर्यां बटोर रही हैं। शादी से चंद दिन पहले सुरभि के लिए उनकी दोस्तों ने बैचलरेट पार्टी प्लान की। फिर उन्होंने अपनी फ्रेंड्स के साथ पूल पार्टी भी की।इश्कबाज एक्ट्रेसेज मानसी श्रीवास्तव और श्रेणु पारिख ने अन्य फ्रेंड्स के साथ सुरभि चंदना के लिए एक पूल पार्टी आयोजित की। मानसी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पूल पार्टी से ढेर सारी फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में होने वाली दुल्हन और ब्राइड्समेड को पूल पार्टी एन्जॉय



करते हुए देखा जा सकता है। फोटोज में पूल किनारे बैठी ब्राइड टू बी सुरभि ब्लैक एंड व्हाइट ब्रालेट और शॉर्ट में मस्ती करती हुई नजर आ रही हैं।मानसी और श्रेणु समेत बाकी ब्राइड्समेड ने पूल में फुल ऑन धमाल मचाया। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, ठईमानदारी से ग्रुप के आखिरी इंसान के लिए हंसी और प्यार सुरभि चंदना। शब्दों में बयां नहीं कर सकती कि इस मुल्गी की शादी के लिए हम कितना एक्साइटेड हैं, वो भी खूबसूरत इंसान करण शर्मा के साथ जिसने उनके लिए इतना प्यार सरप्राइज प्लान करने में हमारी मदद की।ठसुरभि चंदना लॉन्ग टाइम ब्वॉयफ्रेंड और बिजनेसमैन करण शर्मा के साथ 1 और 2 मार्च को जयपुर में शादी करने वाली हैं। कपल पिछले 13 साल से एक-दूसरे को डेट कर रहा है।

# कोर्टरूम में लगेंगे हंसी के अरशद वारसी की 'मामला लीगल है' का ट्रेलर रिलीज

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**कोर्टरूम ड्रामा कॉमेडी के बारे में जब भी बात की जाती है तो उस मामले में अरशद वारसी की जॉली एलएलबी और अक्षय कुमार स्टारर जॉली एलएलबी 2 का नाम जहन में आता है।अब इस ट्रेंड को आगे बढ़ाने के जिम्मेदारी अभिनेता रवि किशन ने उठाई है।अभिनेता रवि किशन जल्द ही वेब सीरीज मामला लीगल है से एक्टिंग की दुनिया में कमबैक करते हुए नजर आएंगे। मामला लीगल है में वकील की भूमिका में रवि फैंस को गुदगुदाते के लिए तैयार हैं। ऐसे में अब इस वेब सीरीज का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है जिसे देखकर आप इसके लिए बेताब हो जाएंगे।आने वाले समय में रवि कोर्टरूम ड्रामा कॉमेडी वेब सीरीज मामला लीगल है से फैंस का मनोरंजन करते हुए दिखेंगे। इस बीच डायरेक्टर राहुल पांडे के निर्देशन में बनी इस सीरीज का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। दिल्ली के पटपड़गंज के डिस्ट्रिक कोर्ट की कहानी का तानाबान मामला लीगल है का नाम लंबे समय से सुखियों में बना हुआ है। इस वेब सीरीज को लेकर आए दिन लेटेस्ट अपडेट सामने आ रहे हैं। इस कड़ी में अब मेकर्स की तरफ से रवि किशन स्टारर मामला लीगल है का शानदार ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जिसे नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर साझा किया है। इस ट्रेलर में आप देख सकते हैं कि किस तरह से कॉमेडी पंचलाइन के जरिए कोर्टरूम में हंसी के ठहाके लगाए जा रहे हैं। दूसरी तरफ पटपड़गंज वार एसोसिएशन के अध्यक्ष वीडी त्यागी की भूमिका में रवि किशन कानूनी दांव पेंच को अपने निराले अंदाज से सीखाते हुए दिख रहे हैं। रवि किशन के अलावा मामला लीगल है के इस ट्रेलर में अनन्या श्रॉफ के किरदार में नाइला ग्रेवाल, निधि बिष्ट, यशपाल शर्मा, अंजुम बत्रा और फेम कलाकार अनंत वी जोशी की झलक देखने को मिलेगी। सीरीज की ये स्टार कास्ट अपने-अपने रोल में दर्शकों का मनोरंजन करती नजर आएगी। नेटफ्लिक्स वेब सीरीज मामला लीगल है का ट्रेलर रिलीज होने के बाद फैंस इस कॉमेडी सीरीज की रिलीज का बेसब्री से इंतजार करने लगे हैं। बता दें कि 1 मार्च 2024 से इस वेब सीरीज को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

# राम मंदिर में किया भरतनाट्यम, 'ड्रीम गर्ल' की डांस परफॉर्मेंस का तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** लोगों को अपनी एक्टिंग और खूबसूरती का दीवाना बनाने वाली दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी (पर्सईतहग) शास्त्रीय डांस को लेकर भी लोगों की नजरों में बनी रहती हैं। उन्होंने कई स्टेज परफॉर्मेंस दी है, जिसके लिए उनकी कई बार तारीफ हो चुकी है।ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी की एक्टिंग के साथ-साथ शास्त्रीय नृत्य में भी काफी रुचि रही है। सोशल मीडिया पर अक्सर उनके क्लासिकल डांस परफॉर्मेंस के वीडियो देखे जा चुके हैं। उन्होंने एक बार फिर क्लासिकल डांस परफॉर्मेंस दी जिसे देखने के बाद फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे। राम लला के दरबार में हेमा मालिनी ने राग सेवा भरतनाट्यम किया।बीते दिनों हेमा मालिनी ने अयोध्या के राम मंदिर में 'राग सेवा' की। उन्होंने इस परफॉर्मेंस से कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की। अब एक्ट्रेस ने अपनी डांस परफॉर्मेंस का वीडियो भी शेयर किया है।हेमा



मालिनी का डांस वीडियो काफी पसंद किया जा रहा है। फैंस ने उनके टैलेंट की तारीफ में काफी कुछ कहा। एक यूजर ने लिखा, 'हेमा जी आप हमारे लिए इंस्पिरेशन हैं।' एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'आपकी परफॉर्मेंस पर कोई शब्द ही नहीं। यह इतना अच्छा है।' वहीं, कई लोगों ने जय श्री राम लिखने के साथ ही उनके नृत्य की तारीफ की हैहेमा मालिनी ने परफॉर्मेंस से पहले रिहर्सल की फोटो भी फैंस के साथ शेयर की थी। इस फोटो में वह एक सिंपल सी साड़ी और नो मेकअप लुक में दिखाई दे रही थीं। इसके कैप्शन में उन्होंने बताया था कि वह राम मंदिर में 'राग सेवा' परफॉर्म करेंगी।

# विदेश में आलिया ने दिखाई भारतीय संस्कृति पोक्षर की स्क्रीनिंग में मखमली साड़ी पहन लूट ली महफिल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।।** आलिया भट्ट की मच अवेटेड सीरीज 'पोचर' जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। स्ट्रीम होने से पहले सीरीज की लंदन में स्क्रीनिंग हुई, जिसे अटेंड करने आलिया भट्ट अपनी मां सोनी राजदान और बहन शाहीन भट्ट के साथ वहां पहुंचीं। आलिया भट्ट में मल्टीलेयर्ड मोतियों की माला और मिनिमल इयररिंग्स ने उनके ओवरऑल लुक में चार-चांद लगाया। मैसी हेयर बन, मिनिमल मेकअप के साथ चटक लाल लिपिस्टिक आलिया के लुक को और भी शानदार बना रही थी। कुल मिलाकर अभिनेत्री लाजवाब दिख रही थीं।आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम



अपनी वेब सीरीज पोचर की स्क्रीनिंग के लिए लंदन गईं। विदेश में सीरीज की स्क्रीनिंग पर आलिया ने देसी अंदाज से सारी लाइमलाइट चुरा ली। मखमली साड़ी और लाल लिपस्टिक के साथ गहने में वह किसी हुस्न की परी से कम नहीं लग रही थीं। एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं। देखिए यहां।हाथियों की तस्करी पर आधारित सीरीज 'पोचर' का निर्देशन एमी अवॉर्ड विनर रिची मेहता ने किया है। सीरीज का निर्माण आलिया भट्ट ने किया है। लंदन में सीरीज की स्क्रीनिंग में आलिया प्रोड्यूसर होने के नाते पहुंचीं। एक्ट्रेस ने विदेश में अपनी भारतीय संस्कृति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। दरअसल, आलिया भट्ट 'पोचर' की स्क्रीनिंग में साड़ी पहनकर गईं। काली कलर की मखमली साड़ी में एक्ट्रेस की खूबसूरती देखने लायक थी। गले अकाउंट पर 'पोचर' की स्क्रीनिंग से फोटोज शेयर की हैं। मुस्कुराते, काउच पर पोज देते और खिड़की के पास बलखाते, आलिया ने अपने गॉजियस लुक में एक से बढ़कर एक फोटो खिंचवाई। कुछ तस्वीरें 'पोचर' की स्क्रीनिंग से थीं। एक तस्वीर में उन्हें अपनी बहन शाहीन भट्ट के साथ फोटो खिंचवाकर सिस्टर गोल्स देते हुए देखा जा सकता है। आलिया ने खूबसूरत झलकियां दिखाते हुए कहा, ठएक खास दिन के लिए तैयार हुई हूं।ठआलिया के प्रोडक्शन हाउस इटरनल सनशाइन के बैनर तले बनी 'पोचर' 23 फरवरी 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह उनकी पहली वेब सीरीज है, जिसका वह निर्माण कर रही हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस ने 'डार्लिंग्स' को भी प्रोड्यूस किया था।

# मेगास्टार' र्ण्पीहराान्् 'लाइफलाइन' सुरेखा के साथ हुए रोमांटिक, बर्थडे पर पत्नी के लिए किया प्यार भरा पोस्ट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के मेगास्टार चिरंजीवी सिर्फ पर्दे पर रोमांटिक नहीं हैं, बल्कि रियल लाइफ में भी अपनी वाइफ पर जान न्योछावर करते है। चिरंजीवी अपनी पतने सुरेखा पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं गंवाते हैं। ऐसे में पतने के बर्थडे पर अभिनेता ने एक पोस्ट के जरिए उन पर प्यार लुटाया है।साउथ के सुपरस्टार चिरंजीवी ने अपनी पतने सुरेखा जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर 68 साल के अभिनेता ने अपनी वाइफ के लिए प्यारा पोस्ट शेयर किया है, जो आपका दिल जीत लेगा। भोला शंकर' स्टार चिरंजीवी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पतनी सुरेखा के जन्मदिन पर एक रोमांटिक तस्वीर शेयर की है। फोटो में अभिनेताअपनी पतनी को बाहों में लेकर पोज देते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों ने कपल गोल्स देते



को जन्मदिन की बधाई देते हुए सोशल मीडिया पर एक रोमांटिक पोस्ट शेयर किया है। पतनी के प्यार में खोए चिरंजीवी ने कहा कि सुरेखा उनकी सबसे बड़ी ताकत हैं। चिरंजीवी का ये पोस्ट फैंस का दिल जीत रहा है। लोगों को उनकी रोमांटिक केमिस्ट्री बेहद पसंद आ रही है।चिरंजीवी की पतनी सुरेखा आज अपना हुए एक-दूसरे की आंखों में देखकर फोटो खिंचवाई। चेहरे की मुस्कान चिरंजीवी और सुरेखा के प्यार को जाहिर करने के लिए काफी थी।लाल रंग की साड़ी में सुरेखा बेहद खूबसूरत लग रही थीं। वहीं, ऑफ व्हाइट कुर्ता-पायजामा में चिरंजीवी अपनी लेडी लव को ट्विन कर रहे थे।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।